
यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 14 अंकः 277 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### 'भारत में रहना है तो भारत माता की जय बोलना ही होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि जो लोग भारत में रहना चाहते हैं उन्हें भारत माता की जय बोलनी होगी। वे यहां भाजपा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग देश में कहते हैं कि वे भारत माता की जय नहीं बोलेंगे, वह भाड़ में जाएं।

**भारत माता की जय तो बोलना ही चाहिए:** कृषि राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत में रहना है तो भारत माता की जय तो बोलना ही चाहिए, साथ ही सवाल दागा कि यदि ऐसा नहीं करेंगे तो भारत में रहते हुए क्या आप पाकिस्तान जिंदाबाद कहेंगे? उन्होंने कहा- वंदे मातरम और भारत माता की जय कहने वालों के लिए ही देश में जगह है। मैं कहना चाहूंगा कि अगर कोई ऐसा व्यक्ति है जो भारत माता की जय नहीं बोलता, भारत में आस्था नहीं रखता और पाकिस्तान जिंदाबाद में आस्था रखता है तो उसे पाकिस्तान चले जाना चाहिए। यहां उसकी कोई जरूरत नहीं है।

**राष्ट्रवादी सोच वाली सरकार बननी चाहिए:** उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से देश को मजबूत किया जाना चाहिए और इसके लिए राष्ट्रवादी विचारधारा का होना जरूरी है।

### भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप कॉरिडोर को लगेगा झटका!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इजरायल-हमास संघर्ष के कारण भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना में देरी और जटिलताएं पैदा हो सकती हैं। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने यह बात कही है। लेकिन पूरे पश्चिम एशिया में इसके प्रभाव को कम करके नहीं आंका जा सकता है। थिंक टैंक ने कहा कि संघर्ष इजरायल और सऊदी अरब के बीच ऐतिहासिक शांति समझौते की संभावना को पटरी से उतार सकता है, जो भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा ढांचे में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

# युद्धः गाजा में मची तबाही

= ग्राउंड ऑपरेशन से पहले बॉर्डर पर सैकड़ों टैंक तैनात; इजराइल ने 15 हजार लोगों को हटाया, हमले में मारा गया खूंखार आतंकवादी

**भयावह हालात**

8 गाजा पट्टी में एयर स्ट्राइक से दहशतगर्दों को बड़ा झटका, इस्लामिक जेहाद का मुख्यालय भी ध्वस्त



**टीम एक्शन इंडिया/यरुशलम**
**इस्राइल** ने गाजा में रहने वालों को चेतावनी दी है कि वे तीन घंटे के अंदर उत्तर गाजा से दक्षिण गाजा की ओर निकल जाएं। गौरतलब है कि इस्राइल काफी दिनों से गाजा में पैदल सेना को भेजने की योजना बना रहा है। इसी के मद्देनजर गाजावासियों को चेतावनी जारी की गई है। इजरायल की एयर स्ट्राइक में हमास का टॉप कमांडर बिलाल अल-कदरा मारा गया। इस एयर स्ट्राइक में आतंकवादियों का सुरक्षित पनाहगाह बना किलानुमा इस्लामिक जेहाद का मुख्यालय जमींदोज हो गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बिलाल अल-कदरा दक्षिणी खान यूनिस बटालियन में नहबा बल का टॉप कमांडर था। वह सात अक्टूबर को इजरायल में घरों में घुस कर निर्दोष नागरिकों की हत्या करने में शामिल था। हमास ने दक्षिणी इजरायल के किबुत्ज निरिम और निरओज इलाके में बर्बरता के साथ नरसंहार किया था। बिलाल आतंकवादी संगठन हमास में काम करने के साथ ही कदरा फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन में भी अहम भूमिका निभा रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल की वायुसेना ने हमास के कमांड सेंटर, सैन्य परिसर, दर्जनों लांचर पैड, एंटी-टैंक पोस्ट और वॉच टावर को मलबे में बदल दिया है। इस हमले में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादी संगठन के सैन्य मुख्यालय को भी नष्ट कर दिया गया। इस हमले में हमास के दर्जनों बुनियादी ढांचे ताश के पत्तों की तरह बिखर गए।

### गाजा में मानवीय मदद की कोशिशें तेजः बाइडन

**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**
**गाजा** पट्टी में इस्राइल के हमले तेज होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। टेलीफोन पर हुई बातचीत में बाइडन ने फलस्तीनी राष्ट्रपति से इस्राइल पर हुए हमास के हमले की निंदा की और कहा कि हमास फलस्तीन के लोगों के अधिकारों और आत्मनिर्णय के अधिकारों के लिए नहीं लड़ रहा है।

**बाइडन ने इन मुद्दों पर की चर्चा:** वहीं नेतन्याहू ने बाइडन को युद्ध के हालातों के बारे में जानकारी दी और बाइडन ने इस्राइल को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर बताया कि दोपहर में राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इस्राइल के प्रति समर्थन जताया। राष्ट्रपति बाइडन ने नेतन्याहू को अमेरिकी सैन्य मदद के बारे में बताया और किसी अन्य देश के इस संघर्ष में शामिल होने पर इस्राइल को खुलकर सहायता देने की बात भी कही। बाइडन ने नागरिकों को भोजन, पानी और चिकित्सा मदद तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र, मिस्र, जॉर्डन, इस्राइल के साथ समन्वय बनाने पर चर्चा की। बाइडन ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों के अपने समर्थन की पुष्टि की। बाइडन ने सभी देशों से हमास के क्रूर अत्याचारों की निंदा करने की जरूरत पर जोर दिया।

**चीनी विदेश मंत्री से ब्लिंकन ने की बात:** वहीं फलस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि किस तरह से आम नागरिकों की मदद के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# विस चुनावः तीन राज्यों के लिए कांग्रेस की सूची जारी



**ऐलान**

8 मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से 30 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई है। इसी तरह तेलंगाना की 119 सीटों में से 55 सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। राजस्थान और मिजोरम विधानसभा के लिए उम्मीदवारों का एलान भी जल्द हो सकता है। तेलंगाना में पार्टी ने 46 फीसदी से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया। राज्य में कुल 119 विधानसभा सीटें हैं। 2013 में यहां पार्टी को 13 सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि, इस वक्त केवल पांच विधायक ही हैं। पहली सूची में पांचों मौजूदा विधायकों को टिकट मिला है।

**सभी पांच विधायकों को फिर से टिकटः** पार्टी ने मौजूदा पांचों विधायकों को फिर से टिकट दिया है।

इनमें करीमनगर जिले की मनथानी सीट से दुद्दीला श्रीधर बाबू, मेंडक जिले की संगारेड्डी विधानसभा सीट से थुरुपु जग्गा रेड्डी, वारंगल जिले की मुलुग सुरक्षित सीट से दानसारी अनसूया सीताक्का फिर से उम्मीदवार होंगी। इसी तरह खम्मम जिले की मधिरा सुरक्षित सीट भट्टी विक्रमार्क मल्लू और खम्मम जिले की ही भद्राचलम सीट से पोडेम वीरया को फिर से टिकट दिया गया है।

**बीआरएस से आए विधायक और उनके बेटे को टिकटः** बीआरएस से कांग्रेस में आए मलकानगिरि सीट के विधायक हनुमंत राव मैनामपल्ली को पार्टी ने यहीं से टिकट दिया है। हनुमंत राव के बेटे डॉक्टर रोहित मैनामपल्ली को भी पार्टी ने मेडक जिले की मेडक विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है।

### सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को नलगोंडा से टिकट

**नलगोंडा** लोकसभा सीट से सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को नलगोंडा जिले की हुजूर नगर विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी वह इस सीट से जीते थे। हालांकि, उनके सांसद बनने के बाद हुए उप चुनाव में यह सीट सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के पास चली गई थी। पांच बार के विधायक रेड्डी पर एक बार फिर यह सीट जिताने की जिम्मेदारी होगी। रेड्डी राज्य में पार्टी के सबसे बड़े चेहरों में शामिल हैं।

## 70 साल से इजरायल कब्जाधारी बनकर रहाः ओवैसी



**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
**इजरायल** और हमास के बीच युद्ध जारी है। जहां भारत से लेकर अमेरिका तक इस युद्ध में इजरायल के समर्थन में हैं। वहीं, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस युद्ध को लेकर मीडिया पर पक्षपात का आरोप लगाया है। चल रहे इजरायल-हमास युद्ध पर प्रतिक्रिया देते हुए, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग के लिए मीडिया पर निशाना साधा और कहा कि इजरायल ने पिछले 70 वर्षों से फलिस्तीनी भूमि पर कब्जा किया हुआ है और इन "अत्याचारों पर दुनिया चुप है।" हैदराबाद में एक सभा में लोगों को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, "21 लाख की आबादी वाले गाजा के गरीब लोगों में से 10 लाख लोग बेघर हो गए हैं। दुनिया इस पर चुप है। जिसने मारा है उसे देखो, लेकिन इन गरीबों ने क्या बिगाड़ा है। गाजा के इन गरीब लोगों ने आपका क्या बिगाड़ा है? मीडिया इस मुद्दे पर एकतरफा रिपोर्टिंग कर रहा है।

## महिलाएं अपनी नियति का निर्माण स्वयं करेंः प्रियंका गांधी



**महिला अधिकार**

8 कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में डीएमके के महिला अधिकार

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में डीएमके के महिला अधिकार सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और उनकी मां सोनिया गांधी भी वहां मौजूद थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग करती हूं। उन्होंने कहा, "आज से बत्तीस साल पहले, अपनी जिंदगी की सबसे अंधियारी रात में मैंने तमिलनाडु की मीन पर पहली बार पांव रखा था। मैं तब उन्नीस बरस की थी और आज जिस उम्र में हूं, तब मेरी मां उससे कुछ साल कम की थीं। जैसे ही हवाई जहाज का दरवाजा खुला, हम रात के अंधेरे में डूब गए, लेकिन मुझे डर नहीं लगा, क्योंकि सबसे भीषण जो हो सकता था, वह हो चुका था।" कुछ घंटे पहले मेरे पिता की हत्या कर दी गई थी। उस रात मैं अपनी मां के पास गई। मैं जानती थी कि जो शब्द मैं उनसे कहने वाली हूं, वे हमेशा के लिये मां का दिल तोड़ कर रख देंगे। मैंने वे शब्द कहे और खुशी की रोशनी को उनकी आंखों में हमेशा के लिए बुझते देखा। अब, जब पिता के क्षत-विक्षत शरीर के हिस्से इकट्ठे करने के लिये मैं तमिलनाडु में थी, मुझमें किसी बात का कोई भय नहीं बचा था। हवाई जहाज की सीढ़ियां उतर कर हम मीनांबकम हवाई अड्डे की जमीन पर खड़े थे। तभी अचानक नीली साड़ियां पहने हुई स्त्रियों के झुंड ने हमें घेर लिया। जीवन के युद्ध में हमारी पराजय को रोक न पाने वाले देवताओं ने ही शायद उन्हें हमें दिलासा देने भेजा था।

## यूपीः सभी जिलाधिकारियों को हिंसा पीड़ित महिलाओं से करनी होगी बात



**हक की बात**

8 बताया गया कि हक की बात, जिलाधिकारी के साथ नाम से मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा।

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत योगी सरकार महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। अभियान के तहत एक मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें हर जिले के जिलाधिकारी महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे। यह इवेंट हिंसा की पीड़ित महिलाओं के लिए किया जा रहा है। बताया गया कि हक की बात, जिलाधिकारी के साथ नाम से मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के डीएम हिंसा से पीड़ित महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। शक्ति कार्यशालाओं का भी आयोजन होगा। इसमें कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत गठित स्थानीय व आंतरिक परिवाद समितियों का ओरिएंटेशन भी होगा। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों से संबंधित योजनाओं को और गति देने के लिए महाअभियान शुरू करने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग इस दौरान कई मेगा इवेंट आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा।

**खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजनः** मिशन शक्ति के चौथे चरण में 16 से 22 अक्टूबर तक जागरूकता सप्ताह का आयोजन होगा। 14 से 20 नवंबर तक महिला एवं बाल अधिकारों पर विभिन्न गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

## दिल्ली समेत एनसीआर में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली-एनसीआर में रविवार दोपहर करीब चार बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र हरियाणा का फरीदाबाद रहा। झटके इतने तेज थे कि लोग घबराकर अपने अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप की कंपन को एनसीआर के फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में भी महसूस किए गए। हालांकि कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई।

**क्यों आता है भूकंप?:** पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है।

## 'सूखे की मार झेल रहा कर्नाटक'

**सूखाग्रस्त**

8 किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। केंद्र से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
कर्नाटक इस समय सूखे की मार झेल रहा है। यही वजह है कि किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने केंद्र से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है।

**'किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान':** मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा कि इस साल सूखे की वजह से कर्नाटक के किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य के 236 में से 216 तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।

**'42 लाख हेक्टेयर फसल का नुकसान':** सिद्दरमैया ने ऐतिहासिक मैसूर दशहरा उत्सव के उद्घाटन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 42 लाख हेक्टेयर फसल का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही किसानों को इस साल 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के मानदंडों के अनुसार हमने केंद्र सरकार से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है। केंद्रीय टीम ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। राज्य सरकार ने पहले 195 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया था। हालांकि, अब फिर इनकी संख्या 216 हो गई है। कैबिनेट उपसमिति ने बैठक के बाद 21 और तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया है।

**खौफनाक मंजर** इजरायल से भारत लौटे चश्मदीदों ने बताई आपबीतीः ऑपरेशन अजेय के तहत दो नवजात बच्चों समेत 274 लोग विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंचे

# 'अब भी सायरन और बम ब्लास्ट की आवाजें गूंज रही'



**युद्ध का मैदान**

8 'वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है, लेकिन अब भी सायरन और बॉम्ब ब्लास्ट की आवाजें गूंज रही'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इजरायल में** फंसे भारतीयों का चौथा जत्था नई दिल्ली पहुंच गया है। ऑपरेशन अजेय के तहत दो नवजात बच्चों समेत 274 लोग विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंचे हैं। अब तक इस ऑपरेशन के तहत कुल 644 लोगों की वतन वापसी हो चुकी है।

**वतन वापसी पर खिले भारतीयों के चेहरेः** दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने इजरायल से भारत लौटे लोगों का स्वागत किया। विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे भारतीयों ने भारत सरकार और इजरायल स्थित अधिकारियों का शुक्रिया किया। इजरायल से भारत आई पुष्पा सिंह ने कहा, "वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है, लेकिन अब भी सायरन और बॉम्ब ब्लास्ट की आवाजें गूंज रही हैं।" भारत आई एक अन्य यात्री पॉलोमी ने कहा, "पिछले कुछ दिन थोड़े अलग थे। कल हवाई अड्डे पर एक अलग अनुभव था, क्योंकि वहां भी हमने सायरनों की आवाज सुनी। ऑपरेशन अजेय भारत सरकार की एक अच्छी पहल है।" इजराइल से लौटे भारतीय नागरिक सुमित ने कहा, "तेल अवीव में हालात सामान्य हैं, लेकिन दक्षिण और उत्तर इजराइल में युद्ध के आसार हैं, इसलिए हम वापस लौट आए। सरकार ने बहुत अच्छा किया अच्छा काम। उन्होंने 2-3 दिनों के भीतर बहुत तेजी से प्रतिक्रिया दी।" इजरायल से लौटे भारतीय नागरिक दीपेंद्र पावरी ने कहा, "हम तेल अवीव में थे और वह इलाका बहुत सुरक्षित है। शुरूआत में, पहले दो दिनों तक हम डरे हुए थे, लेकिन सीमा क्षेत्र में डर ज्यादा था। तेल अवीव में समस्या थी, लेकिन थोड़ी घबराहट थी। इस बारे में अनिश्चितता थी कि क्या होगा?
निकासी प्रक्रिया बहुत अच्छी और त्वरित थी। हमने कल से एक दिन पहले इसके लिए आवेदन किया था और कल उड़ान मिल गई।"
इजरायल से वापस आए भारतीय छात्रों ने कहा कि वे बयां नहीं कर सकते हैं कि पिछले कुछ दिनों में वे किस दौर से गुजरे हैं और उन्हें घर आकर कितना सुकून मिला है। सरकार इजरायल में फंसे अन्य लोगों को वापस लाने के लिए और अधिक उड़ानें चलाएगी। मालूम हो कि 18,000 से अधिक भारतीय इजरायल में हैं और 6,000 से अधिक लोगों ने घर वापसी के लिए भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराया है।

## पूर्व पार्षद के फ्लैट से मिले 42 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**आयकर विभाग** यानी आईटी को बड़ी कामयाबी हासिल हुई। आईटी अधिकारियों ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक पूर्व पार्षद के आवास पर छापेमारी की और 42 करोड़ रुपये की राशि बरामद की। ये रुपये 23 डिब्बों में छिपाकर रखे गए थे।

**डिब्बों में पैक की गई थी राशिः** आईटी अधिकारियों ने बताया कि 42 करोड़ रुपये की राशि को डिब्बों में पैक किया गया था। इसके बाद इसे पूर्व पार्षद के स्वामित्व वाले एक फ्लैट के बिस्तर के नीचे छुपाया गया था।

**पांच स्थानों पर आईटी की रेडः** बता दें, आयकर विभाग की टीम ने पूर्व पार्षद से जुड़े पांच स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जिस फ्लैट में नकदी छिपाई गई थी, वह पूर्व पार्षद के रिश्तेदार के पास है। बरामद राशि 500 रुपये मूल्यवर्ग की थी। संदेह जताया जा रहा है कि जब्त की नकदी का इस्तेमाल तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में किया जाना था।

**शिवकुमार ने छापे को बताया राजनीति से प्रेरितः** जनता दल सेक्युलर के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को संदेह था कि नकदी से भरे कार्टन को तेलंगाना ले जाया जा रहा था। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने आरोप लगाया है कि आईटी का छापा राजनीति से प्रेरित है। ऐसे छापे न केवल कर्नाटक, बल्कि अन्य राज्यों में भी मारे जा रहे हैं।

# कनखल में वैश्य समाज ने धूमधाम से मनायी महाराज अग्रसेन जंयती

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वैश्य समाज की सबसे पुरानी संस्था कनखल वैश्य कुमार सभा में अग्रकुल शिरोमणि महाराज अग्रसेन की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। सभा भवन में जयंती के अवसर पर हवन पूजन के साथ अग्रसेन जी की मंगल आरती की गई और ध्वजा रोहण किया गया। कार्यक्रम में आये अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों की और वैश्य समाज के गौरवमयी इतिहास की चर्चा की।
कनखल वैश्य कुमार सभा भवन में परम्परागत रूप से अग्रोहा नरेश महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। सभा भवन में मुख्य अतिथि



बालकिशन अग्रवाल और सुभाष बींदक गोयल ने हवन-पूजन कर ध्वज रोहण किया।
इस मौके पर मुख्य अतिथि बालकिशन अग्रवाल ने कहा कि आज देश को महाराज अग्रसेन के सिद्धांतों को अपनाने की जरूरत है। उनके सिद्धान्तों को अपनाकर हम अच्छे और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सुभाष गोयल ने वैश्य समाज के गौरवमयी इतिहास की चर्चा करते हुए समाज के संगठित होने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष पराग गुप्ता वैश्य समाज महाराजा अग्रसेन के एकात्म मानववाद के सूत्र आत्मसात कर समाज की सेवा में अतुलनीय योगदान कर रहा है।
हरिद्वार नगर निगम के प्रथम मेयर मनोज गर्ग और समाजसेवी विशाल गर्ग ने भी वैश्य समाज की एकजुटता पर बल देते हुए सामाजिक और राजनितिक क्षेत्र मे काम करने की जरूरत बताई।
जयंती समारोह की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष गगन गुप्ता मुन्नू और संचालन महामंत्री प्रदीप गुप्ता ने किया। समारोह में वैश्य कुमार सभा के संरक्षक मंडल के प्रदीप चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया।
जयंती समारोह में सभा के संरक्षक मण्डल के सदस्य उमेश गोयल, अरविंद अग्रवाल, मुकेश गोयल, अवनीश गोयल, अजय जैन, मनीष गुप्ता, विमल गर्ग, अबरीश गर्ग, लव गुप्ता, उमंग गुप्ता, जयंती समारोह के संयोजक संयोजक समीर गुप्ता, एवं संजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नमित गोयल, रचित अग्रवाल, पवन अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# गुरुकुल कांगड़ी की राष्ट्रीय सेवा योजना ने शुरू किया गंगा घाट सफाई अभियान

**अभियान**

8 कार्यक्रम में पहुंचे जिला एनएसएस समन्वयक डॉ. एसपी सिंह ने स्वयंसेवकों के साथ घाट की सफाई की

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चार गुरुकुल कांगड़ी ने हरिद्वार स्थित सतनाम साक्षी घाट से गंगा सफाई अभियान की शुरूआत की।
कार्यक्रम में पहुंचे जिला एनएसएस समन्वयक डॉ. एसपी सिंह ने स्वयंसेवकों के साथ घाट की सफाई की। उन्होंने बताया कि मां गंगा की सेवा करना हम सबका परम सौभाग्य है। इस अभियान की शुरूआत गुरुकुल कांगड़ी जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से होना




प्रशंसनीय है। उन्होंने स्वयंसेवकों को गंगा सफाई की शपथ दिलाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मयंक पोखरियाल ने कहा कि गंगा सफाई हमारा मिशन है और जन भागीदारी से इकाई चार प्रत्येक रविवार व अवकाश के दिनों में एक घंटा गंगा सेवा को समर्पित करेगी, जिसमें गंगा घाट सफाई, गंगा ग्राम ने सफाई अभियान व जनजागरूकता कार्यक्रम, गंगा वाटिका, गंगा विषय पर संगोष्ठी जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए गढ़ी कैंट में लगा रोजगार मेला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व सैनिकों,वीर नारियों और उनके आश्रितों के लिए रविवार को गढ़ी कैंट में रोजगार मेला आयोजित किया गया।
गढ़ी कैंट स्थित सैनिक इंस्टीट्यूट में सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन (एडब्ल्यूपीओ) ने वेटरन्स शाखा, मुख्यालय उत्तराखंड सब एरिया, के तत्वावधान में आज तीसरे मेगा रोजगार मेले का उद्घाटन जीओसी, उत्तराखंड सब एरिया, मेजर जनरल संजीव खत्री ने किया।
इससे पहले अप्रैल और अगस्त के महीने में दो रोजगार मेले आयोजित किए गए। रोजगार मेला में 930 से अधिक पूर्व सैनिकों और आश्रितों ने भाग लिया।

# आस ने नंदा तू राजी खुशी रेया एक अभियान टीबी से मुक्ति की ओर" पर हुई गोष्ठी

**सेमिनार**

8 -प्रथम नवरात्र शैलपुत्री के अवसर पर "टीबी चैंपियन की भूमिका" विषय पर सेमिनार का आयोजन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
एक्शन फॉर एडवांसमेंट ऑफ सोसाइटी आस के संचालित "नंदा तू राजी खुशी रेया एक अभियान टीबी से मुक्ति की ओर" के तहत प्रथम नवरात्र शैलपुत्री के अवसर पर "टीबी चैंपियन की भूमिका " विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।
रविवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब में आयोजित आस फाउंडेशन की




सचिव हेमलता बहन की अध्यक्षता में ऋषिकेश के 40 टीबी चैंपियनों के अतिरिक्त देहरादून और हरिद्वार के आठ टीबी चैंपियनों सहित कुल 48 प्रतियोगियों ने भाग लिया। इस दौरान रोटरी क्लब से डॉ. मनोज वर्मा, स्टेट ऑफिसर प्रशांत चौधरी, हिमालयन इंस्टीट्यूट लीला उनियाल,रितिक ने उपस्थित को संबोधित करते हुए टीबी के प्रति अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष पूरे भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाए जाने का संकल्प लिया है, जिसके अंतर्गत पूरे भारत में टीबी के प्रति लोगों को जागरूक कर उनका निशुल्क उपचार किया जा रहा है, जिससे भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सके।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जहां टीबी जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए अभियान चलाया गया है वहीं लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता अभियान के साथ खाने में मोटे अनाज का सेवन किए जाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें जंक फूड से बचने को भी कहा गया है। इसी के साथ पिछले एक सप्ताह में टीबी के मरीजों को उपलब्ध होने वाली सरकारी अस्पतालों से दवाइयां के समाप्त होने को भी गंभीरता से लिया गया।
इसके प्रति सरकार को भी आगे किया गया है कि वह किसी भी प्रकार से दवाइयां की उपलब्धता को सभी अस्पताल में बनाए रखें। हेमलता दीदी ने ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल में पिछले 1 वर्ष से टीबी का डॉक्टर ना होने पर भी चिंता जताई।

## संक्षिप्त खबरें

### शारदीय नवरात्र आरम्भ , देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से आरम्भ हो गए। घरों और देवालयों में कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक चलने वाली मां भगवती की उपासना का आज श्री गणेश हुआ। नवरात्र आरम्भ होने के कारण तीर्थनगरी के सभी देवी मंदिरों में खासी भीड़ रही। साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान आरम्भ हुए। देवी मंदिरों में आज आस्था का सैलाब देखने को मिला।
शारदीय नवरात्र पर आज देवी मंदिरों व घरों में नव दुर्गा में प्रथम पूजित मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। लोगों ने अपने घरों में भी कलश स्थापना के साथ नवरात्र साधना का आरम्भ किया। कई घरों में चण्डी पाठ भी रखा गया।
नवरात्र की पूर्व संध्या पर ही बाजार में विगत 15 दिनों से पड़े विरानगी दूर हो गई। बाजारों में खासी रौनक दिखायी दी। लोग शक्ति उपासना के लिए बाजारों में खरीददारी करते दिखायी दिए। इसके साथ ही फलों व फूलों के दामों में खासी बढ़ोतरी देखी गई।
वहीं तीर्थनगरी के सभी देवी मंदिरों में आज से आरम्भ हुए अनुष्ठान की पूर्व संध्या पर ही सजाया संवारा गया था। मंदिरों में विशेष सजावट के साथ मां भगवती का आह्वान किया गया। प्रातः काल देवी मंदिरों में मां भगवती का विशेष श्रृंगार करने के साथ विशेष आरती हुई। तीर्थनगरी की अधिष्ठात्री कहीं जाने वाली मां माया देवी मंदिर, चण्डी देवी मंदिर, मंशा देवी मंदिर,काली मंदिर, महिषासुर मर्दिनी मंदिर, सिद्धपीठ सुरेश्वरी देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर समेत तमाम देवी मंदिरों में लोगों की प्रातः से ही भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर मां भगवती के दर्शन, पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### बर्फबारी से खूबसूरत हुआ नजारा, धाम में बढ़ी ठंड, चरम पर श्रद्धालुओं का उत्साह



**रुद्रप्रयाग /टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के कुछ जिलों में आज सुबह से बादल छाए हुए हैं। इसी बीच केदारनाथ धाम में बारिश के बाद बर्फबारी शुरू हो गई। ठंड बढ़ने के बावजूद यहां श्रद्धालुओं के उत्साह में कमी नजर नहीं आई।
मौसम का मिजाज बदलते ही केदारनाथ धाम में बारिश के बाद बर्फबारी शुरू हो गई। धाम में बर्फबारी से भले ही ठंड बढ़ गई, लेकिन यहां श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। बर्फबारी का श्रद्धालुओं ने खूब लुत्फ उठाया। प्रदेश के कुछ जिलों में आज सुबह से बादल छाए हुए हैं। कई जगह बूंदाबांदी हुई।
शनिवार को भी केदारनाथ में दोपहर से अपराह्व बाद तक तीन घंटे तक बारिश हुई। इस दौरान ऊपरी पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी हुई, जिससे केदारपुरी में ठंड बढ़ गई है। धाम में अधिकतम तापमान 10 और न्यूनतम माइनस 3 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को सुबह से धाम में मौसम साफ था। दिन चढ़ने के साथ धूप भी तेज होती रही।
दोपहर 12.30 बजे धाम में पारा 10 डिग्री दर्ज किया। लेकिन इसके बाद धाम में बादल घिरने लगे और एक बजे से यहां बारिश होने लगी, जो साढ़े चार बजे तक रही। इस दौरान दुग्ध गंगा, वासुकीताल और चोराबाड़ी ताल क्षेत्र में बर्फबारी भी हुई। जिस कारण केदारपुरी में ठंड बढ़ गई है। धाम में मौजूद श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि शाम 6 बजे तापमान 2 डिग्री और सवा सात बजे 1 डिग्री पर पहुंच गया था।

# फरवरी-मार्च में होंगी उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बोर्ड परीक्षाओं के तहत अंक सुधार परीक्षा का परिणाम भी एक माह के भीतर घोषित कर दिया जाएगा। सत्र नियमित होने से जहां छात्र-छात्राएं नई कक्षा में समय पर प्रवेश ले सकेंगे।
शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत ने शिक्षा सत्र को नियमित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को अभी से तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए हैं। विधानसभा कक्ष में हुई बैठक में मंत्री ने कहा, सरकार का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं को समय पर आयोजित कराकर परीक्षाफल समय पर घोषित कराना है।
इसके लिए फरवरी-मार्च में परीक्षाएं कराने और 30 अप्रैल तक बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं 30 मई तक अंक सुधार परीक्षा परिणाम घोषित करने का लक्ष्य दिया गया है, ताकि उच्च शिक्षा का सत्र भी समय पर शुरू किया जा सके।
शिक्षा मंत्री ने कहा, बोर्ड परीक्षाओं के तहत अंक सुधार परीक्षा का परिणाम भी एक माह के भीतर घोषित कर दिया जाएगा।
सत्र नियमित होने से जहां छात्र-छात्राएं नई कक्षा में समय पर प्रवेश ले सकेंगे, वहीं उच्च शिक्षा के सत्र को समय पर शुरू करने में मदद मिलेगी। इसका लाभ प्रदेश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा।
डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को आवंटित जनपदों का भ्रमण कर विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही स्कूल में उपलब्ध संसाधनों की भी रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, भ्रमण के दौरान अधिकारी पीएम-श्री स्कूल, अटल उत्कृष्ट विद्यालय एवं कलस्टर विद्यालयों सहित नेता जी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावासों का भी स्थलीय निरीक्षण करें। इस दौरान वे छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से भी संवाद स्थापित करेंगे। भ्रमण के बाद विभागीय अधिकारियों की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी निर्णय लिए जाएंगे।
बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव शिक्षा योगेन्द्र यादव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीमा जौनसारी, निदेशक अकादमी शोध एवं प्रशिक्षण वंदना गर्ब्याल, बीएस. बोरा, उप सचिव अनिल कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# बदरीनाथ हाईवे पर वाहन की चपेट में आने से गुलदार के शावक की मौत

**श्रीनगर गढ़वाल/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसबी के सीटीसी के सामने एक वाहन की टक्कर से गुलदार के शावक की मौत हो गई। वन विभाग की टीम मामले में कार्रवाई में जुटी है। श्रीनगर में बदरीनाथ हाईवे पर एसएसबी के सीटीसी के सामने एक वाहन की चपेट में आने से गुलदार के शावक की मौत हो गई। पुलिस ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग की टीम शावक के शव को कब्जे में लेकर नागदेव रेंज पौड़ी ले गई। कोतवाल श्रीनगर विनोद गुसांई ने बताया अज्ञात वाहन की चपेट में शावक के आने पर रात में ही वन विभाग को सूचना दे दी गई थी।

# इजराइल से उत्तराखंड के 10 नागरिक स्वदेश लौटे

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल में फंसे भारतीय यात्रियों को रविवार को भी विशेष विमान से स्वदेश सही सलामत लाया गया।
इनमें उत्तराखंड के भी 10 नागरिक शामिल थे।
रविवार सुबह ऑपरेशन अजय के अन्तर्गत इजराइल से दो विशेष विमान से भारतीयों को सुरक्षित लाया गया। इसमें उत्तराखंड के दस नागरिक लौटे हैं। उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधि की ओर से दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव किया गया। इसके बाद उत्तराखंड सदन दिल्ली में विश्राम और जल-पान के बाद गंतव्य स्थान के लिए आवश्यकतानुसार व्यवस्था की



गई।
ये सभी लोग अपने सकुशल वापस आने के बाद सरकार को धन्यवाद किया। अब तक उत्तराखंड के 13 नागरिक सुरक्षित लौटे हैं।

# अवैध खनन में लिप्त 11 वाहन सीज, 18 वाहनों के चालान

**कार्रवाई**

8 पुलिस ने चौकी फेरूपुर, शाहपुर व क्षेत्र से अवैध खनन से भरे 09 डंपर व 02 ट्रैक्टरों को सीज किया।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पथरी क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में लिप्त 11 वाहनों का चालान किया है जबकि 18 वाहनों के पुलिस ने चालान किए हैं।
पुलिस ने इस कार्रवाई के लिए अलग-अलग टीमें गठित की थीं। इसके तहत थाना पथरी पुलिस ने चौकी फेरूपुर, शाहपुर व क्षेत्र से अवैध खनन से भरे 09 डंपर व



02 ट्रैक्टरों को सीज किया। साथ की एमवी एक्ट में 18 वाहनों के चालान किए गए। यूके 07सीबी 0900, यूके 07सीबी 551, यूके 07सीबी 9208, यूके 07सीबी 5755, यूके 07सीबी 9557, यूके 08सीबी 9192, यूके 07सीबी 7777, यूके 07 सीडी 3311, यूके 07 सीडी 7711 व यूके 08 बीसी 2651, यूके 17 सीए 0924 ट्रैक्टरों ट्राली को सीज किया है।

# ऋषिकेश में घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव का हुआ आगाज

**नवरात्र**

8 अम्बा दुर्गा की आराधना का पवित्र पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो गया है।

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ नगरी ऋषिकेश में घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव का आगाज होने के साथ ही ऋषिकेश देवी मां के रंग में रंगना शुरू हो गई है। अम्बा दुर्गा की आराधना का पवित्र पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो गया है। नौ दिनों तक मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों की पूजा की धूम रहेगी।



नवरात्र उत्सव के प्रथम दिन मां के प्रथम स्वरूप के रूप में देवी शैलपुत्री की उपासना हुई। कलश स्थापना के साथ आदिशक्ति का पूजन भी शुरू किया गया। इस बार हाथी पर सवार होकर आयी देवी मां। इससे पहले मंदिरों में विधिवत रूप से घट स्थापना की गई। देवी के पंडालों में दर्शनार्थियों की भीड़ जुटी रही मंदिरों में अखंड दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन-पूजन और जप शुरू हो गए। व्रत पर रहने वाले भक्तों ने घरों में कलश स्थापित किया। शीशम झाड़ी स्थित कात्यायनी मंदिर में सुबह पूरे विधि विधान के साथ मंदिर के संस्थापक गुरुविंदर सलूजा की पत्नी नमिता सलूजा ने घट स्थापना कराई। मंदिर में भक्तों ने नारियल, चुनरी, पान-बताशा, फूल आदि चढ़ाकर मन्नतें मानीं। उधर, घरों में कलश स्थापना कर भक्तों ने नौ दिन का उपवास शुरू किया। मनिराम मार्ग स्थित श्री दुर्गा शक्ति मंदिर में प्रथम नवरात्र के पावन अवसर पर खेत्री पूजन ,कलश स्थापना की गई।दिनभर मंदिर में मां के दर्शनों एवं पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।
उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र के नौ दिनो तक मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रि के नौ दिन माता रानी धरती लोक पर विचरण करती हैं।

# चोरी के सामान समेत आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
स्टोन क्रेशर से चोरी करने के मामले में पुलिस ने चोरी के एक आरोपित को सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
नसीरपुर कला थाना पथरी जनपद हरिद्वार निवासी दिलशाद पुत्र फरजंद ने 14 अक्टूबर को शिव स्टोन क्रेशर सुल्तानपुर से मोटर पार्ट, स्टेटर आदि सामान चोरी होने के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम सद्दाम पुत्र मकसूद



निवासी ग्राम सुल्तानपुर, कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किया सामान मोटर पार्ट रूटर, स्टेटर व मोटर का पाइप वाला हिस्सा बरामद किया है।

# राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाना ही संघ का लक्ष्य : सेमवाल



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिद्वार नगर ने विजयदशमी उत्सव भल्ला इंटर कालेज परिसर में शस्त्र पूजन के साथ मनाया। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने योग, नियुद्ध, समता, घोष का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया।
आरएसएस के प्रान्त कार्यवाह डॉ. दिनेश सेमवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में संघ की स्थापना के उद्देश्य, विस्तार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दू समाज को संगठित करने जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य का प्रारम्भ शाखा पद्धति के अनुसार किया। समस्त हिन्दू समाज को भगवा ध्वज के नीचे लाने का अद्वितीय कार्य किया। संघ यात्रा एक शताब्दी का सफर पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर पहुंचने का जो कार्य डॉ. हेडगवार ने 1925 में विजय दशमी के पावन अवसर पर प्रारम्भ किया, वह आज भी निरन्तर जारी है। आज संघ का विस्तार विश्व के कई देशों में हो रहा है। संघ की विचार धारा से जुड़ने में आज समाज गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि आज संघ समाज के हर वर्ग में कार्य कर रहा है। संघ ने संघर्षशील कार्यों को अपनी पद्धति में जोड़ा है। संघ को बदनाम कर रोकने की कोशिश कई बार की गई, लेकिन संगठित शक्ति के चलते विरोधियों के हर षड्यंत्र को विफल करने के काम स्वयंसेवकों ने किया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर हमारी अस्मिता का प्रश्न था। 500 सालों से हिन्दुओं के संघर्ष करने के बाद संगठित शक्ति के बल पर ही भगवान राम का भव्य मंदिर बन कर तैयार हो रहा है।
श्री सेमवाल ने कहा कि आज सनातन को बदनाम करके इसे नकारने का प्रयास किया जा रहा है। देश में विरोधियों द्वारा नेगेटिव खड़े कर समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए संगठित शक्ति का जाग्रत रहना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने की। मंचासीन अतिथियों में जिला संघ सञ्चालक रोहिताश्व कुंवर व नगर संघचालक डॉ. यतींद्र नाग्यान मौजूद रहे।

# अन्नकूट पर्व पर 14 नवम्बर को बंद होंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**गंगोत्री धाम**

8 गंगोत्री धाम के कपाट बंद करने का मुहूर्त शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस तय किया जाता है।



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिला स्थित गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व पर आगामी 14 नवम्बर को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ 11:45 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। यह जानकारी गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने दी।
सचिव सुरेश ने बताया कि परंपरा अनुसार गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद करने का मुहूर्त शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस तय किया जाता है। रविवार को श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति और पंडा समाज ने तय मुहूर्त पर यह निर्णय लिया कि अन्नकूट पर्व पर 14 नवम्बर को मां गंगा के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। 14 नवंबर को मां गंगा की पूजन करने के बाद में गंगा की उत्सव डोली देवी मंदिर मार्कण्डेयपुरी में पहुंचेगी। अगले दिन 15 नवम्बर को मां गंगा की उत्सव डोली अपने मायके मुखी मठ पहुंचेगी, जहां अगले छह महीने तक मां गंगा के दर्शन मुखी मठ होंगे।
इस मौके पर गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल, महेश सेमवाल, कृष्णानंद सेमवाल, बासुदेव सेमवाल राजेश सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पेशे से ट्रक चालक निकला साइबर ठगी में उस्ताद, एसटीएफ ने इटावा से किया गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड एसटीएफ की साइबर पुलिस ने रिटायर्ड स्वास्थ्य अधिकारी के साथ हुई लाखों की साइबर ठगी में एक और अभियुक्त को इटावा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त पेशे से ट्रक चालक है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्ष माह अक्टूबर में साइबर ठगी का एक प्रकरण कोतवाली हल्द्वानी जनपद नैनीताल में दर्ज किया गया था, जिसमें रिटायर्ड स्वास्थ्य अधिकारी स्वयं के साथ 10,50,400 रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत की थी। उनके साथ साइबर ठग की ओर से ट्रेजरी आफिसर बनकर रिटायरमेंट पर प्राप्त होने वाले फण्ड आदि की जानकारी लेकर मोबाइल पर लिंक भेजकर धोखाधड़ी से उपरोक्त धनराशि आहरित कर ली गयी थी।
विवेचना के दौरान मुख्य आरोपित अभिषेक शॉ पुत्र अरुण शॉ निवासी कोलकाता को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, लेकिन इसी मामले में एक अन्य वांछित अभियुक्त के लिए एसटीएफ काफी समय से भिन्न भिन्न राज्यों में दबिशें दे रही थी। आरोपित पुलिस को चकमा देकर समय-समय पर अपनी लोकेशन बदलता रहता था। साइबर पुलिस टीम की ओर से अथक प्रयास से तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए साक्ष्य एकत्रित कर वांछित अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र रनवीर सिंह को जनपद इटावा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़ा गया अभियुक्त पेशे से ट्रक चालक है।
अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वे अपने साथी अभिषेक शॉ के साथ मिलकर फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर सरकारी नौकरी से रिटायर्ड कर्मियों से उनके फण्ड, ग्रेच्युटी आदि की रकम को उनके बैंक खातों में स्थानान्तरित करने के नाम पर लिंक भेजकर उनके खातों से लाखों रुपये की धोखाधडुी की गई है। धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में प्राप्त किया गया है। उक्त कार्य के लिए फर्जी सिम, सोशल मीडिया प्रोफाइल और फर्जी खातों का प्रयोग कर ठगी की जाती है। साइबर ठग की ओर से देश में अन्य लोगों के साथ भी साइबर ठगी को अंजाम देने की आशंका है। इसकी जानकारी अन्य राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क कर की जा रही है। कई बैंकों के डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड पासबुक और मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

### मानव मन की 'दुर्गति' का नाश करने वाली शक्ति हैं माँ दुर्गा : भारती

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रविवार को यह घोषणा करना कि संस्थान प्रत्येक भारतीय पर्व-त्यौहार को दिव्यता तथा भव्यता के साथ मनाया करता है, जन-जन को इनमें छुपे गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों तथा दिव्य संदेशों से अवगत कराने के साथ-साथ ईश्वर की शाश्वत भक्ति से जोड़ने का शास्त्र-सम्मत महती कार्य किया करता है। आज विशाल पैमाने पर नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर भी दिया। कार्यक्रम में साध्वी जाह्नवी भारती जी ने बताया कि माँ दुर्गा को महिषासुर मर्दिनी भी कहा जाता है, यह महिषासुर वास्तव में मानव मन के भीतर स्थित दुष्प्रवृत्तियों का प्रतीक है। भीतर ही माँ जगदम्बा दुर्गा भवानी का भी वास है। मन के भीतर के समस्त विकारों, बुराईयों तथा निकृष्टताओं का नाश कर देने वाली शक्ति का नाम ही है दुर्गा। मनोविकार मानव की दुर्गति कर उसे रसातल में पहुंचाने का ही काम किया करते हैं और माँ इन मनोविकारों पर प्रहार कर इनका अंत करते हुए मानव मन को दिव्य प्रकाश से भर कर जीव का अनन्त जागरण कर दिया करती हैं। भीतर का अनन्त प्रकाश ही वह अखण्ड ज्योति है जो सदा प्रज्जवलित रहकर मानव जीवन को आलौकित किया करती है। सुश्री जाह्नवी भारती जी द्वारा भक्तजनों को वैष्णों देवी की आलौकिक यात्रा भी करवाई गई। उन्होंने प्रभाव पूर्ण रूप से यात्रा में स्थित पड़ावों से लेकर गर्भजून तक की यात्रा का सुन्दर वर्णन कर भक्तजनों को अभिभूत कर दिया। सद्गुरू आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुभाषा भारती ने अपने उद्बोधन में माता के नवरूपों का विश्लेषण करते हुए इन्हें समाज के लिए दिव्य संदेश बताया। प्रथम शैलपुत्री को मानव के दृढ़ संकल्प से जोड़ते हुए कहा कि शैल अर्थात पर्वत, मानव भक्ति मार्ग पर पर्वत की तरह दृढ़ता पूर्वक चले यही माँ का शैलपुत्री स्वरूप कहता है। प्रसाद का वितरण कर साप्ताहिक कार्यक्रम को विराम दिया गया।

### दृष्टिबाधित बच्ची से यौन शोषण मामले में पुलिस से रिपोर्ट तलब

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग ने कहा, राज्य में स्कूल और अस्पतालों को किस तरह के लोग खोल रहे हैं, सरकार को इसकी जांच करानी चाहिए। विजिलेंस से जांच के बाद ही इन्हें खोलने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा।
उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग ने हल्द्वानी में दृष्टिबाधित बच्ची से यौन शोषण के आरोप के मामले की पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा, एसएसपी नैनीताल को प्रकरण की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया गया है।

# नवरात्र साधना करने देश-विदेश से हजारों साधक पहुंचे शांतिकुंज

**महापर्व**

8 -देसंविवि में नौ दिन चलेंगी विशेष कक्षाएं, कुलाधिपति डॉ. पंड्या करेंगे संबोधित



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शारदीय नवरात्रि आज से प्रारंभ हो गए हैं। शांतिकुंज में उपासना के महापर्व के लिए देश-विदेश से हजारों साधक पहुंचे हैं। इस बार नवरात्र में कई योग एक साथ बने हैं। ऐसे में तीर्थ नगरी हरिद्वार के गंगा तट में साधना कर साधक अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे हैं। नौ दिन तक चलने वाले इस प्रायश्चित पर्व में साधक 24 हजार गायत्री मंत्र की उपासना के साथ व्यक्तित्व परिष्कार के विभिन्न आध्यात्मिक आयामों को अपने जीवन में उतारेंगे। नवरात्र के प्रथम दिन की शुरूआत ध्यान साधना से हुई।
उमेश, अरुण ने साधकों को नवरात्र अनुष्ठान के संकल्प के साथ साधना की पृष्ठभूमि से अवगत कराया। प्रथम दिन साधकों ने अपनी दिनचर्या की शुरूआत ध्यान-साधना के साथ हवन से किया। पश्चात उन्होंने अपनी साधना प्रारंभ की। शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित सत्संग में साधकों से नमो नारायण पांडेय ने कहा कि नवरात्र साधना का महापर्व है।
इन नौ दिनों में मनोयोग पूर्वक की साधना से सिद्धि की प्राप्ति होती है और साधना से शुद्धि भी मिलती है। साधना एक तपश्चर्या है, जिसके बहुत सारे आयाम हैं, लेकिन सभी आयामों का लक्ष्य एक है, शुद्धि प्रदान करना, परिष्कृत करना।
शांतिकुंज में नवरात्र अनुष्ठान में साधकों की दिनचर्या में त्रिकाल संध्या का विशेष क्रम जोड़ा गया है। इसके अंतर्गत प्रातः, दोपहर व सायं को एक-एक घंटा समय निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रायः सभी साधक सामूहिक रूप से साधना करते हैं।

# जेलबंदी रक्षक परीक्षा में 1672 अभ्यर्थी अनुपस्थित

**परीक्षा**

8 परीक्षा राज्य के नैनीताल, देहरादून एवं हरिद्वार जनपद के 25 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित जेल बंदी रक्षक परीक्षा में 1672 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा रविवार को नैनीताल, देहरादून और हरिद्वार जनपदों में आयोजित की गई।
परीक्षा नियंत्रक उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अवधेश कुमार सिंह ने अवगत कराया कि जेल बन्दीरक्षक परीक्षा-2022 की लिखित परीक्षा का आयोजन आज 15 अक्टूबर रविवार को किया गया।
परीक्षा एकल सत्र में पूर्वाह्न 11:00 से 01:00 बजे तक हुई। परीक्षा राज्य के नैनीताल, देहरादून एवं हरिद्वार जनपद के 25 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई । परीक्षा में कुल 11744 अभ्यर्थियों में से 1672 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थित अभ्यर्थियों का प्रतिशत 85.76 रहा।

### अब उत्तराखंड में भी होगी दुनिया के सबसे महंगे बादाम की खेती

**पंतनगर/टीम एक्शन इंडिया**
कोलकाता की शबनम नर्सरी ने ऑस्ट्रेलियन प्रजाति के इस बादाम के 25-30 साल पुराने मदर प्लांट को भारत में लाकर यहां की जलवायु के अनुकूल विकसित किया है। देश में पहली बार मैकाडेमिया नट के पौधे किसान मेले में शबनम नर्सरी के स्टाल पर उपलब्ध हैं। दुनिया के सबसे महंगे बादाम मैकाडेमिया नट की खेती अब उत्तराखंड में भी शुरू होने जा रही है। कोलकाता की शबनम नर्सरी ने ऑस्ट्रेलियन प्रजाति के इस बादाम के 25-30 साल पुराने मदर प्लांट को भारत में लाकर यहां की जलवायु के अनुकूल विकसित किया है।

# कलश स्थापना के साथ आदिशक्ति का पूजन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नवरात्र में इस बार मां हाथी पर सवार होकर आएंगी। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, नवरात्र की शुरूआत जिस दिन होती है, उसके आधार पर उनकी सवारी तय होती है। रविवार या सोमवार से नवरात्र शुरू होने पर मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं।
मां दुर्गा की आराधना का पवित्र पर्व शारदीय नवरात्र आज रविवार से शुरू हो गया है। नौ दिनों तक मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों की पूजा की धूम रहेगी। इसके लिए शहर में पंडाल सज गए हैं।
रविवार को घट स्थापना की जाएगी।आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरूआत होगी।
रविवार को कलश स्थापना के लिए दोपहर 11:44 से दोपहर 12:30 बजे तक 46 मिनट तक मुहूर्त रहेगा। आचार्य सुशांत राज ने बताया कि, शारदीय नवरात्र के नौ दिनो तक मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।मान्यता है कि नवरात्रि के नौ दिन माता रानी धरती लोक पर विचरण करती हैं। प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 14 अक्तूबर को रात 11:24 बजे से होगी और 15 अक्तूबर को रात 12:32 बजे तक रहेगी। उदयतिथि को देखते हुए शारदीय नवरात्र 15 अक्तूबर रविवार से शुरू होंगे। वहीं, इससे पहले शनिवार को घर-घर में भक्तों ने श्रद्धा के साथ सांझी मां की स्थापना की गई। मां आदिशक्ति के स्वरूपों के साथ शारदीय नवरात्र पर सांझी मां की भी रोजाना पूजा-अर्चना की जाएगी।
नवरात्र में इस बार मां हाथी पर सवार होकर आएंगी। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, नवरात्रि की शुरूआत जिस दिन होती है, उसके आधार पर उनकी सवारी तय होती है। रविवार या सोमवार से नवरात्र शुरू होने पर मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं।
कलश स्थापना की विधि
आचार्य सुशांत राज के अनुसार मंदिर में सफाई के बाद लाल कपड़ा बिछाकर उस पर थोड़े चावल रखें। मिट्टी के एक पात्र में जौ बो दें। इस पात्र पर जल से भरा हुआ कलश स्थापित करें। कलश में चारों ओर आम या अशोक के पत्ते लगाएं और स्वास्तिक चिह्न बनाएं। फिर इसमें साबुत सुपारी, सिक्का और अक्षत डालें। एक नारियल पर चुनरी लपेटकर कलावा बांधें और इसे कलश के ऊपर पर रखते हुए मां जगदंबे का आह्वान करें।

# बजरी वाला में आआपा ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**शिविर**

8 डेंगू का प्रभाव बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। सरकारी से लेकर निजी अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी (आआपा) बजरी वाला, बैरागी कैंप में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कैंप लगाया। कैंप में लोगों को निशुल्क दवाई वितरण कर शहर में बढ़ते डेंगू प्रकोप के खिलाफ जागरूक किया। इस अवसर पर एसएमएच यूनानी आयुर्वेद पैरामेडिकल कॉलेज से डॉक्टर युसूफ अंसारी और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। कैंप में 76 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी और जिला अध्यक्ष इंजी. संजय सैनी ने कहा कि शहर में डेंगू का प्रभाव बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। सरकारी जिला अस्पताल से लेकर निजी अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं।
आम आदमी पार्टी मेडिकल कैंप के माध्यम से लोगों को राहत देने का काम कर रही है। भविष्य में भी आम आदमी पार्टी इस तरह के मेडिकल कैंप लगाएगी।
इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अनिल सती, आशीष गॉड, आमनदीप, धीरज पीटर, मयंक गुप्ता, शुभम सैनी, प्रवीण कुमार, ममता सिंह, संजय गौतम, संजय वालिया, विजेंद्र कश्यप, राजेंद्र ठाकुर नरेश सैनी, शिव सैनी,राजीव गौरव चौधरी, आकाश कुमार, तरुण कुमार मौजूद रहे।

# टोल प्लाजा पर यूपी के सिपाही और परिवार के साथ मारपीट, गाड़ी में तोड़फोड़




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बहादराबाद टोल प्लाजा सिपाही और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। आसपास के लोगों ने बताया कि टोल प्लाजा कर्मचारियों के ऐसे कृत्यों का ये कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस प्लाजा के कर्मचारियों ने यात्रियों के साथ मारपीट की है। बाहरी लोग होने के कारण सभी चले जाते थे लेकिन पहली बार टोलकर्मियों पर शिकंजा कसा गया।
टोल प्लाजा पर उत्तर प्रदेश के सिपाही और उसके परिवार के साथ मारपीट कर उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। टोलकर्मियों के खिलाफ बहादराबाद पुलिस ने लूट सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उसके बाद टोल प्लाजा के मैनेजर सहित 10 कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार की रात उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात सिपाही वीर सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम घाट परतापुर मेरठ अपनी गाड़ी से परिवार के साथ हरिद्वार से घर लौट रहे थे।

### परिवार पर लाठी-डंडों से हमला बोला

बहादराबाद टोल प्लाजा पर पहुंचते ही कर्मचारियों ने 200 रुपये टोल फीस मांगी। 200 रुपये देने के बाद रसीद दे दी गई। आरोप है कि कुछ दूरी पर चलते ही रसीद देखी तो उस पर अन्य वाहन का नंबर डला हुआ था। इसका विरोध करने पर टोल पर मौजूद कर्मचारियों ने गाली-गलौज करते हुए सिपाही और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया।
सिपाही वीर सिंह का आरोप है कि कर्मचारियों ने उनका मोबाइल फोन छीनकर कार में बैठी पत्नी और बच्चों के साथ भी मारपीट की। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के मामला संज्ञान में आते ही बहादराबाद थाना प्रभारी नरेश राठौड़ को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस पर आरोपियों के खिलाफ लूट, बलवा, मारपीट, धमकी सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।
विवेचक चरण सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बयान दर्ज किए। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# समाज में भ्रांतियां फैलाने पर जतायी चिंता



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, उत्तराखंड के सामाजिक चेतना शिविर में समाज के दायित्वों एवं आगामी कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन पर संवाद कार्यक्रम राजपूत धर्मशाला स्थित प्रदेश कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।
प्रदेश महामंत्री डॉ. शिवकुमार चौहान ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि क्षत्रियों ने राष्ट्र हित में अपने प्राणों को भी बलि-वेदी पर न्यौछावर करने में भी संकोच नहीं किया, लेकिन वर्तमान सामाजिक दृश्य में अनेक जाति-धर्म को मानने वाले लोग इतिहास की अल्पतम जानकारी के कारण सम्राट मिहिर भोज, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसे क्षत्रिय वीरों का अनादर एवं अपमान करने में पीछे नहीं हैं। ऐसे अनेक युवा वर्ग छोटे-छोटे दल बनाकर अनर्गल पोस्ट के माध्यम से सामाजिक वातावरण में भ्रातियां पैदा करके भय तथा द्वेष का माहौल पैदा कर रहे हैं। ऐसे में सामाजिक चेतना के रूप में जागृति पैदा करना जरूरी है।उपाध्यक्ष प्रेमसिंह राणा ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में सामाजिक सन्तुलन बनाने के लिए वरिष्ठजनों एवं इतिहास के जानकार लोगों को आगे आने की जरूरत है। शिक्षाविद् लोकेन्द्रपाल सिंह ने ऐसी घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

## संपादकीय

# त्रिशंकु बनकर लटक रहे हम

**वर्तमान** में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सात्विक सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन सात्विक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है।

# भूख सूचकांक: भारत की स्थिति पड़ोसियों से भी खराब बताना हास्यप्रद



किशन भावनानीं

"ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीयन एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया। साथियों बात अगर हम हर देश का जीएचआई स्कोर को गहराई से जानने की करें तो 3 डायमेंशन के 4 पैमानों पर कैलकुलेट किया जाता है। ये तीन डायमेंशन हैं- अंडररिशमेंट, चाइल्ड मोर्टालिटी, चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन। चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन में दो कैटेगरी हैं- चाइल्ड वेस्टिंग और चाइल्ड स्टंटिंग।(1)अंडरनरिशमेंट: अंडरनरिशमेंट यानी एक स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर के लिए जरूरी कैलोरी नहीं मिलना"

**वैश्विक** स्तरपर एक और जहां चंद्रयान-3 सूर्ययन दिल्ली घोषणा पत्र, पी-20 घोषणा पत्र, एशियन गेम्स में 107 मेडल, आज 14 अक्टूबर 2023 को पड़ोसी मुल्क से क्रिकेट में रिकॉर्ड जीत, विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था, विश्व बैंक की सुदृढ अर्थव्यवस्था, महंगाई दर कंट्रोल का वक्तव्य सहित अनेकों ऐसे ताजा उदाहरण हैं, जिसमें भारत की गौरव गाथा को बयान किया गया है, तो दूसरी ओर दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को वैश्विक भूख सूचकांक 2023 की रिपोर्ट जारी की गई है जिसमें भारत की हालत पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका और नेपाल से भी बदत्तर बताई गई है। यानें 125 देश के हंगर इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 111 है जो पिछले साल से भी चार पायदान नीचे खिसक गई है। दूसरे शब्दों में श्रीलंका पाकिस्तान बांग्लादेश नेपाल की स्थिति भारत से बेहतर बताई गई है जो सुनने में हास्यप्रद लगता है, जिसपर भारत ने इस हंगर रिपोर्ट 2023 को खारिज कर दिया है और भुखमरी मापन के तौर तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। वैसे भी देखा जाए तो हम टीवी चैनलों पर आए दिन देखते रहते हैं कि पड़ोसी मुल्कों में भूख के हालात कैसे हैं, जो डिलीवरी ट्रक पर से भी बोरियों को मारामारी कर उठाया जाता है, बेतहाशा महंगाई, वैसे ही श्रीलंका की कुछ माह पूर्व की हालत पूरे विश्व ने देखी थी। फि र भी भारत को सूचकांक में इनसे भी बहुत कम रैंकिंग पर रखा गया है जो अपने आप में बहुत हास्यास्पद लगना स्वाभाविक है। जबकि अभी कुछ महापूर्व संयुक्त राष्ट्र ने अपने ऑथराइज्ड बयान में कहा था कि भारत में पिछले 15 वर्षों में 37.5 करोड लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं और भारतीय नीति आयोग ने कुछ महीने पूर्व कहा था भारत पिछले 5 वर्षों में 13 .5 करोड लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं। चूंकि 125 देश में भारत को 111 वां स्थान मिला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेवैश्विक सूचकांक में भारत की छवि खराब करने के संभावित प्रयासों को रेखांकित करना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम एक यूरोपीय एनजीओ द्वारा 12 अक्टूबर 2023 को जारी की गई वैश्विक भूख सूचकांक 2023 की करें तो, उसमें भारत की



स्थिति और भी खराब हो गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 125 देशों में भारत को 111वां स्थान दिया है। इसमें यह भी बताया गया है कि देश में बच्चों में कुपोषण की दर सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत है। 28.7 स्कोर के साथ ग्लोबल हंगर इंडेक्स के प्रकाशकों नेभारत में भूख की स्थिति को गंभीर बताया है। हालांकि, भारत ने वैश्विक भूख सूचकांक 2023 को खारिज किया है। भारत ने इस रिपोर्ट को लेकर कहा है कि यह देश की छवि खराब करने का प्रयासहै।बता दें कि ताजा सूचकांक गुरुवार को जारी किया गया। इससे पहले, साल 2022 में भारत 121 देशों में से 107वें स्थान पर था।अगर पड़ोसी देशों की बात करें तो पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल की स्थिति हमसे बेहतर है। भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान को 102 वां स्थान, बांग्लादेश को 81वां, नेपाल को 69वां और श्रीलंका को 60वां स्थान दिया गया है। इन देशों ने वैश्विर भूख के मामले में भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बच्चों कीकमजोरी की दर 18.7 प्रतिशत दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह तीव्र कुपोषण को दशार्ती है। वहीं, भारत में अल्पपोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस सूचकांक को खारिज कर दिया है। सरकार ने इसे भुखमरी का एक गलत पैमाना बताया है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि यह भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। इसमें बहुत सारी खामियां हैं। इस सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन संकेतक दरअसल बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं, अतः ये निश्चित रूप से पूरी आबादी के स्वास्थ्य को नहीं बता सकते हैं साथियों बात अगर हम वैश्विक हंगर सूचकांक के बारे में जानने की करें तो,सन 2000 से लगभग हरसालजीएचआई जारी होता है। इस रिपोर्ट में जितना कम स्कोर होता है उस देश का प्रदर्शन उतना बेहतर माना जाता है। कोई देश भूख से जुड़े सतत विकास लक्ष्यों को कितना हासिल कर पा रहा है। इसकी निगरानी करने का साधन वैश्विक भूख सूचकांक है।जिसका इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के लिए किया जाता है। यह किसी देश में भूख के तीन आयामों को देखता है। पहला देश में भोजन की अपर्याप्त उपलब्धता, दूसरा बच्चों की पोषण स्थिति में कमी और तीसरा बाल मृत्यु दर(जो अल्पपोषण के कारण है)। ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीयन एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया। साथियों बात अगर हम हर देश का जीएचआई स्कोर को गहराई से जानने की करें तो 3 डायमेंशन के 4 पैमानों पर कैलकुलेट किया जाता है। ये तीन डायमेंशन हैं- अंडररिशमेंट, चाइल्ड मोर्टालिटी, चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन। चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन में दो कैटेगरी हैं- चाइल्ड वेस्टिंग और चाइल्ड स्टंटिंग।(1)अंडरनरिशमेंटः अंडरनरिशमेंट यानी एक स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर के लिए जरूरी कैलोरी नहीं मिलना। आबादी के कुल हिस्से में से उस हिस्से को कैलकुलेट किया जाता है जिन्हें दिनभर की जरूरत के मुताबिक पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल रही है।(2)चाइल्ड मोर्टालिटीः चाइल्ड मोर्टालिटी का मतलब हर एक हजार जन्म पर ऐसे बच्चों की संख्या जिनकी मौत जन्म के 5 साल की उम्र के भीतर ही हो गई।(3) चाइल्डअंडरन्यूट्रिशनः इसमें 2 कैटेगरी आती हैं-चाइल्ड वेस्टिंगः चाइल्ड वेस्टिंग यानी बच्चे का अपनी उम्र के हिसाब से बहुत दुबला या कमजोर होना। 5 साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे, जिनका वजन उनके कद के हिसाब से कम होता है। ये दशार्ता है कि उन बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिला इस वजह से वे कमजोर हो गए।चाइल्ड स्टंटिंगः चाइल्ड स्टंटिंग का मतलब ऐसे बच्चे जिनका कद उनकी उम्र के लिहाज से कम हो। यानी उम्र के हिसाब से बच्चे की हाइट न बढ़ी हो। हाइट का सीधा-सीधा संबंध पोषण से है। जिस समाज में लंबे समय तक बच्चों में पोषण कम होता है वहां बच्चों में स्टंटिंग की परेशानी होती है।इन तीनों आयामों को 100 पॉइंट का स्टैंडर्ड स्कोर दिया जाता है। इस स्कोर में अंडरनरिशमेंट, चाइल्ड मोर्टलिटी और चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन तीनों का एक-एक तिहाई हिस्सा होता है। स्कोर स्केल पर 0 सबसे अच्छा स्कोर होता है, वहीं 100 सबसे बुरा। साथियों बात अगर हम रेटिंग तय होने के बारे में जानने की करें तो, ग्लोबल हंगर इंडेक्स तीन स्तरों पर प्रसारित किया जाता हैः वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय. रेटिंग की गणना के लिए कुल 100 अंक आवंटित किए जाते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप स्कोर 0 और 100 के बीच होता है. 2023 की रिपोर्ट में 125 देशों का डेटा शामिल है। कम स्कोर अधिक अनुकूल स्थिति का संकेत देता है, जबकि उच्च स्कोर कम अनुकूल स्थिति का संकेत देता है। 2023 की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 28.7 है। उल्लेखनीय है कि भारत इस सूचकांक में कई वर्षों से लगातार पिछड़ रहा है।

## कविता

हर नजर हर निगाह में
नमी है,
स्नेह की बेहद अपनों में कमी है।

हर नजर किसी पर जमी है,
कुछ हंसतीं है कुछ में नमी है।

नजरों में खिल खिलाहट भरी है,
कहीं बेरुखी से सूखी जमीं है।

मजलूमों की नजरों में नमीं है,
किसी की अदावत से सनी हैं

ये प्रकृति है या आप ही ऐसे है,
नैतिक मूल्यों की बेहद कमी है।

बस थोड़ा सा झुक कर देखो
हर तरफ अपनों की हीं जमीं है.

अपना कौन,पराया कौन, समझाईये,
बस एक दूसरे को समझने की कमी है।

अदना सा संजीव, कहाँ अम्बर,कहाँ जमीं,
छलकती है आँखें,जहाँ अपनों कि कमी है।

संजीव ठाकुर

## मोटापा : पहले और बाद में

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं गंडीपेट** (हैदराबाद का सबसे बड़ा जलाशय) का अवतार नहीं हूँ। फिर भी बहुत मोटा हूँ। माँ का प्यार कहिए या उनके घी का कमाल कि बचपन में मच्छर सा दिखने वाला मैं अब बाहुबली फिल्म का सांड लग रहा हूँ। मुझे बचपन से इतना घी खिलाया गया कि मुझे पानी पीते समय भी उसमें घी दिखाई देने लगा। मेरे लिए सावन का हरा वाला मुहावरा घी की चमक से चौंधियाई आँखों को हर चमकती चीज घी दिखाई देने लगी। कभी-कभी तो मुझे लगता है कि मेरे बदन में खून नहीं घी की नदियाँ बह रही हैं। बचपन में मुझे घरवाले छोटू कहकर पुकारते थे। अब इतना भोदू हो गया हूँ कि वह विशेषण मेरे बदन के सभी अंगों को चिढ़ाते हैं। घरवालों को केंचुआ सा दिखाई देने वाला मैं कब लोगों की नजर में भारी-भरकम अजगर बन गया पता ही नहीं चला। वैसे भी पौधा खाद-पानी पाकर हमेशा के लिए पौधा थोड़े न रहता है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो भारी-भरकर वृक्ष बन ही जाता है। छठी कक्षा पढ़ते समय मुझे बेंच पर खड़ा होने का दंड दिया गया था। शिक्षिका मेरे शोर से इतनी परेशान थी कि उन्होंने मेरी तुलना लोटे से कर दी। तब से मेरा नाम लोटा पड़ गया। जब मैं बड़ा हुआ तो हम सभी स्कूली दोस्तों ने एक वाट्सप समूह बनाया। सबने हाय हैलो करना शुरू किया। मैंने अपना नाम सुरेश बताया। सभी ने प्रश्नचिह्न जैसा मुँह वाला इमोजी लगाया। मैंने अपना फोटो भी पोस्ट किया। लेकिन किसी ने मुझे पहचाना नहीं। जैसे ही मैंने अपना नाम लोटा बताया सबके सब टूट पड़े। ऐसे टूटे जैसे बिस्कुट का टुकड़ा देखते ही कुत्तों का झुंड टूट पड़ता है। एक अपराधी अपने अपराधों की सजा काटकर नए जीवन की शुरूआत करना चाहता है तो उसे उसके पुराने कारनामों के नाम पर लज्जित करने जैसी हालत मेरी थी। मैंने पुराने नाम से पिंड छुड़ाने के लिए बाकायदा पेपर में विज्ञापन भी दिया। चिढ़ाने वालों को अपना चुल शांत करने से मतलब होता है। दीपावली पर कपड़े खरीदने के लिए एक बड़े शॉपिंग मॉल में गया। वहाँ जाकर देखा कि स्माल, मीडियम, लार्ज कुछ कपड़ों में, जो मेरी पसंद के नहीं थे, उनमें एक्स्ट्रा लार्ज की साइजें भी उपलब्ध थीं। मेरा आकार इनमें फिट होने वाला नहीं था। मुझे एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा लार्ज की जरूरत थी। साफगोई से कहना हो तो ट्रिपल एक्सेल मेरा मुँह मांगा इनाम है। मेरा आकार देखकर वहाँ काम करने वाला एक बंदा आगे आया। सोचा शायद मेरी साइज के कपड़े ला रहा है। लेकिन उसने मुझे नंगा किए बिना नंगा कर दिया। उसने कहा कि आपकी साइज के कपड़े यहाँ तो क्या किसी भी शो रूम में नहीं मिलेंगे। आपकी साइज के कपड़े तो दर्जी ही सी सकता है। मैं अपमान का घूँट पीकर रह गया। शोरूम से बाहर निकला ही था कि एक सेल्समैन गले पड़ गया। वह गारंटी के साथ दुबला होने का दावा करते हुए हर्बल प्रॉडक्ट बेचने के प्रयास में मेरे मोटापे पर न दिखाई देने वाली सुइयाँ चुभोने लगा। इससे पहले की मैं उसे लताड़ता वह अपने रास्ते हो लिया।

## विचार

# विपरीत परिस्थितियों पर धैर्य से जीत हासिल की जा

**आर. के.फीचर्स**

**रचनाकार** अपने परिवेश और संस्कार के साथ अर्जित अनुभवों से सृजन सन्दर्भों को विकसित ही नहीं करता वरन् उसे संरक्षित भी करता है। यह भाव और स्वभाव ही एक रचनाकार के सामाजिक सरोकारों को परिलक्षित करता है। इन्हीं सन्दर्भों को अपने भीतर जागृत करते हुए अपने रचनाकर्म में सतत रूप से सक्रिय हैं हरियाणा के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और शैक्षिक नगरी और भिवानी-हिसार की धरा बड़वा गाँव के निवासी कवि, लेखक, स्वतंत्र पत्रकार और शिक्षाविद डॉ. सत्यवान सौरभ। स्कूली दिनों से ही इनके कला, संस्कृति और साहित्यिक विचारों, व्यवहार, कार्यशैली और लेखन के साथ कुशल आयोजन और प्रबंधन को देखनेझ्रसमझने का अवसर मिला है। सामाजिक समरसता और समन्वय को समर्पित सौरभ अपने समभाव और दृष्टिकोण से अपने सृजन कर्म और व्यवहार के प्रति सजग और चेतन होकर निरन्तर सृजन यात्रा कर रहें हैं। सरकारी सेवा काल में सभी वर्ग के सहकर्मियों को साथ लेकर चलने एवं तनाव मुक्त वातावरण की कार्य शैली विकसित की और सतत रूप से इसे अपने व्यवहार में संरक्षित और पल्लवित रखा। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति इनके कार्य-व्यवहार से प्रभावित रहा और आगे बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। अपने कार्य-व्यवहार से इन्होंने सभी वर्ग के व्यक्तियों की हर संभव मदद की, उनकी समस्या और पीड़ा में भागीदार बने और छोटे-बड़े सभी से पूरा आदर एवं स्नेह भाव रखते हुए अपने सहज स्वभावानुरूप अपने कार्य को समर्पित रहे। आपने जीवन में कर्म की प्रधानता को प्रमुख मानते हुए हमेशा कर्म को ही सच्ची पूजा माना। ह्लमन चंगा तो कठौती में गंगाह्व और ह्व पूत कपूत तो क्यों धन संचय, पूत सपूत तो क्यों धन संचयह्व के वाक्यों को हमें जीवन का ध्येय माना। आप निरन्तर सृजनरत तो हैं ही, समाज के सभी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली और विशेषज्ञ व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों इत्यादि पर लिखते समय उन्हें प्रोत्साहन देने और प्रेरित करने का भाव सदैव मन में रखते हैं। सदैव जिंदा दिल रहने की मुख्य वजह लेखन से प्राप्त ऊर्जा को मानने वाले डॉ. सौरभ निःस्वार्थ भाव से लेखन को ही अपनी पूजा, धर्म और कर्म मानते हैं। स्कूली दिनों से ही लेखन के क्षेत्र में विभिन्न विषयों कला- संस्कृति, पुरातत्व, इतिहास, पर्यटन, सभी क्षेत्रों के विकास, , बाल विवाह , दहेज जैसी सामाजिक कुरुतियों के उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वच्छता, रक्तदान ,दिव्यांग कल्याण जैसे सामाजिक सरोकार और मातृभाषा हिंदी के विकास, लोकोत्सव, लोकतीर्थ, लोककलाएं, लोक देवी-देवता, लोकनृत्य, लोकगीत, लोक-चित्रांकन, आंचलिक मेले आदि विभिन्न विषयों पर हजारों आलेख, फीचर, रिपोर्ताज, सफलता की कहानियाँ, साक्षात्कार, बाल आलेख और बाल कहानियां, सरल एवं सुग्राहय भाषा शैली में निर्बाध दोहा लेखन कार्य करने वाले लेखकों तथा रचनाधर्मियों में देश भर के साहित्य एवं मीडिया जगत में एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। लेखन में भी संपादकीय लेखक के रूप में आपने विशिष्ठ पहचान कायम की है। सभी विधाओं पर आपका लेखन हरियाणा तक ही सीमित नहीं रह कर देश के संदर्भ में भी व्यापक स्वरूप लिए हैं। आपके आलेख और पुस्तकें तथ्यात्मक, सूचनात्मक और शोध परक होने से शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुए हैं। इनकी रचनाएं बड़ी संख्या में हजारों सरकारी एवं गैर सरकारी पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित हो रही हैं। इसी दौर के समाचार पत्रों में ने निरंतर आपकी रचनाओं को प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया है। इस दौर में विभिन्न विषयों पर इनकी रचनाएं बहुतायत से प्रकाशित हुई हैं। यूएसए से प्रकाशित हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी साप्ताहिक ह्व हम हिदुस्तानीह्व में भी लंबे समय तक इनकी रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। देश के कई समाचार पत्रों में इनकी रचनाएं निरंतर प्रकाशित हो रही हैं। यही नहीं विभागीय और अन्य विभागों और संस्थाओं के पत्र-पत्रिकाओं का लेखन, संपादन और प्रकाशन भी करवाया और निजी स्तर पर पुस्तकें भी लिख कर प्रकाशित करवाई हैं । इसी समर्पण और लगन का परिणाम रहा कि आप देश भर में विख्यात लेखक के रूप में स्थापित हो गए।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**

**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गजा: युद्ध एक पहलू अनेक

**तनवीर जाफरी**

**फिलिस्तीन** के कई क्षेत्रों में इस्लामिक आंदोलन के रूप में सक्रिय संगठन हमास ने जब से इजराईल पर एक साथ लगभग 7 हजार मिसाइलों की अकल्पनीय वर्षा की है उसके फौरन बाद से ही इस्राईल ने भी युद्ध की घोषणा करते हुये गजा पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिये हैं। दोनों ही तरफ से मानवता का खून खुलकर बहाया जा रहा है। दोनों ही पक्षों के हजारों लोग अपनी जानें गँवा चुके हैं। अमेरिका सहित कई पश्चिमी देश हमास के हमले को आतंकवादी हमला बताते हुये इस्राईल के साथ खड़े हुये हैं। जबकि इस्लामी देश खासकर अरब जगत इस मुद्दे पर बंटा हुआ है। ले दे कर ईरान,सीरिया व लेबनान जैसे देश व वहां का नेतृत्व बिना इस बात की परवाह किये हुये फिलिस्तीनियों के साथ खड़ा है कि इस्राईल को महाशक्ति अमेरिकी समर्थन हासिल है। इस्राईल तो यह भी आरोप लगा रहा है कि हमास द्वारा इजराईल पर दागी गयी लगभग 7 हजार मिसाइल व इसके कारण इस्राईल में हुई जान व माल की भारी तबाही के पीछे ईरान का हाथ है। परन्तु ईरान ने इस हमले में अपनी संलिप्तता से तो इंकार जरूर किया है परन्तु उसने हमास और फिलीस्तीनियों के अधिकारों व उनके संघर्ष के प्रति अपना खुला समर्थन पूर्ववत जारी रखने का एलान भी किया है। हमास का मत है कि 'फिलिस्तीन एक इस्लामी मातृभूमि है जिसे किसी अन्य को नहीं सौंपा जा सकता और इजराइल से फिलिस्तीन का नियंत्रण छीनने के लिए पवित्र युद्ध छेड़ना फिलिस्तीनी मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य है'। वेस्ट बैंक में भी हमास की मौजूदगी है। फिलहाल खंडहर के रूप में परिवर्तित हो चुके गजा को इस्राईली सेना चारों तरफ से घेर कर सैन्य कार्रवाही कर रही है यहाँ तक कि उसने हवाई हमले भी किये हैं। इस्राईल ने तो फिलीस्तीनियों से गजा छोड़ कर चले जाने की भी चेतावनी दे डाली है। गौरतलब है की हमास का मुख्यालय भी गजा शहर में ही है जिसे पूरी तरह ध्वस्त करने का संकल्प इस्राईली नेता बेंजमिन नीतिनयाहु ले चुके हैं। इस पूरे दुर्भाग्यपूर्ण घटना चक्र में केवल मानवता विरोधी युद्ध ही नहीं हो रहा बल्कि पूरा विश्व इस युद्ध व इसके कारणों के विभिन्न पहलुओं को लेकर भी चिंतित है।

## पॉच राज्यों के चुनाव में जनपरीक्षा

**प्रेम शर्मा**

**जनता सरकार को लेकर तमाम तरह के अरोप** लगाती रही है। कभी महंगाई तो कभी बेरोजगारी, कभी भ्रष्टाचार, कभी विकास का रोना आम वोटर का हमेशा से रवैया रहा है। इसके बावजूद जब उसे पॉच सालों के बाद मौका मिलने पर अपने पंसद एवं जन आकांक्षाओं को समझने वाली सरकार को चुनने की जगह अमूनन वह क्षेत्रवाद, जातिवाद, परिवारवाद या फिर धर्मवााद के सबसे बड़े पाखण्ड के सामने दाव खाकर वही गल्ती कर बैठती है जिससे उसे फिर पॉच वर्ष तक सरकार को कोसने के अलावा कुछ हासिल नही हो पता। ऐसा नही है कि बेरोजगारी, महंगाई और कछुआ गति के विकास से केवल भाजपा शासित राज्य की जनता परेशान है बल्कि गैर भाजपा शासित राज्यों का भी यही हाल है। हालाकि 2024 के आम चुनाव से पहले बीजेपी और विपक्ष के लिए इन पांच राज्यों के चुनाव उनकी चुनावी रणनीतियों की परख तो होंगे ही, साथ ही जनता के मूड की झलक भी देखी जा सकेगी। जानकार यह भी मानते हैं कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव को एक ही तराजू में नहीं तोला जा सकता है। विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे अहम होते हैं, वहीं लोकसभा चुनाव में जनता राष्ट्रीय परिदृश्य को देखते हुए वोट देती है। यह तो तय है कि सेमीफाइनल में जो जीतेगा, वह पूरे आत्मविश्वास के साथ आम चुनाव में आएगा। इन चुनावों के नतीजों से पक्ष और विपक्ष की रणनीति पर बहुत असर पड़ेगा। वैसे देखा जाए तो इन पॉच राज्यों की कुल 676 सीटों में से सबसे ज्यादा 285 सीटें कांग्रेस के पास थीं। हालांकि, उसकी सीटों की संख्या में 20 सीटों की गिरावट आई है। बसपा की सीटें भी 10 से घटकर चार रह गईं। वहीं, भाजपा की सीटें 199 से बढ़कर 214 हो गईं। इसी तरह 2018 में 88 सीट जीतने वाली टीआरएस की सीटें बढ़कर 101 हो गईं तो एमएनएफ सीटें 26 से बढ़कर 28 हो गईं हैं।

इसके बावजूद देखा जाए तो इन राज्यों में चुनाव के प्रति जनता का कोई उत्साह नही दिख रहा है। ऐसे में अगर हम यह कहे कि इन राज्यों में जनता नही बल्कि राजनैतिक दल चुनाव लड़ रहे है तो कोई अतिश्योक्ति नही है।

# चौ. शिवकरण की पुण्यतिथि पर गुरु कुल मटिण्डू पहुंचे पूर्व सीएम हुड्डा

**खरखौदा/सोनीपत /सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के गुरुकुल मटिंडू के प्रांगण में रविवार को गुरुकुल के सहझसंस्थापक चौधरी शिवकरण की 68वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि हवन का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक महान विभूतियों जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर चौधरी शिवकरण की पुण्यतिथि पर किए गए हवन में आहुति डाली। बिग्रेडियर सत्यदेव दहिया की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि शिक्षा समाज सुधार का सबसे प्रबल



साधन है। आज चौधरी शिवकरण की पुण्यतिथि के अवसर पर पधार कर गर्व महसूस कर रहा हूं। हम सबको गर्व महसूस करना चाहिए कि हम इस महान संस्थान से जुड़े हुए हैं। आज के समय समाज में चारों ओर स्वार्थ और स्वहित की भावना है। चौधरी शिवकरण की उस समय पर कितनी महान सोच रही होगी कि उन्होंने निशुल्क शिक्षा हेतु यह संस्थान रूपी पौधा रोपा और आज वह वट वृक्ष बनकर समाज को शिक्षा रूपी फल प्रदान कर रहा है। चेयरमैन ब्रिगेडियर सत्यदेव ने जब से इस संस्थान का कार्यभार संभाला है तबसे यह आसमान की बुलंदियों को छू रहा है। इस क्षेत्र में पहले शिक्षा की कमी थी,लेकिन इस गुरुकुल के साथ ही आसपास के क्षेत्र में अन्य गुरुकुल स्थापित किए गए, जिसके बाद यहां पर शिक्षा का प्रचार व प्रसार होता चला गया। जिसके साथ-साथ आजादी की लड़ाई में यहां से स्वतंता सेनानियों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का भी शिक्षा के प्रचार प्रसार और देश की आजादी में बड़ा हाथ रहा है। इस अवसर पर ब्रिगेडियर सत्यदेव दहिया ने कहा कि गुरुकुल मटिंडू की स्थापना 1915 में चौधरी पीरू सिंह और उनके छोटे भाई चौधरी शिवकरण ने की थी। चौधरी शिवकरण गुरुकुल मटिंडू के सह संस्थापक भी रहे हैं और उन्होंने लंबे समय तक इस संस्था के चेयरमैन का पद भी संभाला है। उनके कार्यकाल और व्यक्तित्व की बदौलत यह संस्था आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। गुरुकुल शिक्षा परिषद में उनके नाम से शिवकरण शिक्षा महाविद्यालय लंबे समय से सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी शिवकरण एक महान व्यक्तित्व के धनी, दीर्घगामी, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने विकट परिस्थितियों में सन 1928 में गुरुकुल संस्थान की बागडोर को संभाला था।

## 'पूजा, अर्चना करके समाज में फैली बुराइयों का अंत करने का संकल्प लेना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** मां दुर्गा ने पृथ्वी पर आतंक मचाने वाले महिषासुर नाम के राक्षस का वध करके देवताओं के कष्ट को दूर किया था इसी तरह हमें भी नवरात्र के दिनों में व्रत, पूजा, अर्चना करके समाज में फैली बुराइयों का अंत करने का संकल्प लेना चाहिए। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने न्यू ब्रह्म कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर तथा नारायणी माता मंदिर महलाना रोड में आयोजित कार्यक्रम में मां की पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नवरात्रों के अंतिम दिन ही मां दुर्गा ने प्रकट होकर भगवान श्री राम को विजय का आशीर्वाद दिया था इससे पहले भगवान श्री राम ने नौ दिनों तक



साधना कर दसवें दिन रावण का वध किया था। राजीव जैन ने कहा कि नवरात्र के व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय जिससे अंतःकरण की शुद्धि होती है। आज जिस तरह से चारों तरफ विकारों का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है ऐसी स्थिति में नवरात्रि का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने सभी से बेटियों को गर्भ में ना मारने की अपील की ताकि अष्टमी और नवमी के दिनों में पूजा के लिए उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अशोक शर्मा, जगबीर अत्री एडवोकेट, पंडित मुकेश शर्मा, पूर्व पार्षद सरला देवी, दिवाकर सलूजा, राजकुमार शर्मा, महेन्द्र, ओम प्रकाश, करतार, कृष्ण, धर्म चंद्र, नंद किशोर, रामनिवास, अशोक आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गोहाना से जेजेपी को बड़ा झटका, पूर्व हलका अध्यक्ष भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**
गोहाना से दो बार हलका अध्यक्ष रहे नरेंद्र गहलावत ने जननायक पार्टी (जेजेपी) को छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र गहलावत को 15 अक्टूबर को ग्राग्राम में पहली बार मनाया गया। भाजपा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओपीध्यक्ष धनखड के नेतृत्व में भाजपा शामिल हुई। गहलावत ने बीजेपी में शामिल जेजेपी को बड़ा झटका दिया है। गहलावत ने विभिन्न पदों की जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक पूर्व निर्धारित किया है। नरेंद्र गहलावत ने बताया कि सबसे पहले नक्षत्रे को जिला अध्यक्ष तीर्थराज राणा की राजधानी गुड़गांव में स्थित पार्टी के प्रांतीय कार्यालय में सम्मानित किया गया था। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड ने उन्हें पाटका वस्त्रकार पार्टी में शामिल किया। गहलावत जेजेपी पार्टी के हलका अध्यक्ष पद से हटने पर नाराज चल रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना विश्वास के हलका अध्यक्ष को हटा दिया गया। वे पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी अपनी विचारधारा जहीर की थी, लेकिन शीर्ष नेताओं ने अपनी विश्वसनीयता को किसी से नहीं लिया। जिससे प्रधानमंत्री गहलावत भी नाराज हो गए। जिसके चलते उन्होंने जेजेपी को बाए-बाए कर दिया और बीजेपी पार्टी का दामन थाम लिया।

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने भारत की प्रतिष्ठित और प्रशंसित स्वर्ण पदक विजेता गीता फोगट के साथ 'पावर अप विद लीजेंड्स' सेलिब्रेट किया

**रोहतक** : ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में शिखर धवन की दा वन स्पोर्ट्स अकादमी के सहयोग से 13 से 15 अक्टूबर, 2023 तक तीन दिवसीय खेल शिविर का



सफलतापूर्वक समापन हुआ। भारत की पहली स्वर्ण पदक विजेता पहलवान गीता फोगाट द्वारा किया गया मास्टरक्लास का नेतृत्व इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य आकर्षण था । ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक शाखा में आयोजित इस खेल प्रशिक्षण शिविर में दा वन के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के नेतृत्व में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स और तैराकी से सम्बंधित इंटेंसिव कोचिंग सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को बेहतरीन मार्गदर्शन मिला। इसके शेड्यूल में स्कूल का समय और स्कूल के बाद का समय दोनों को समायोजित किया गया, जिसके कारण छात्रों को सीखने में सुविधा हुई । इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका देने के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए, मुख्य अतिथि गीता फोगट ने कहा, "ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की 'पावर अप विद लीजेंड्स' पहल का हिस्सा बनना वास्तव में सम्मान की बात थी। युवा एथलीटों को प्रेरित करना और उनके साथ अपने अनुभव साझा करना एक ऐसी बात है जिसके बारे में मैं बेहद पैशनेट हूँ।

## भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता सरकार की किसान हितैषी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद(दलबीर मलिक)** भाजपा किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र की पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाऊस शाहाबाद में जिला कोर कमेटी की मीटिंग जिला अध्यक्ष जगदीप सांगवान की अध्यक्षता में हुई ।किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र में 50 किसान बूथों पर पार्टी के होने वाले सभी कार्यक्रमों के लिए बूथों के 50 प्रमुख तय किया। बैठक में मुख्याथिति प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह संधू ने बताया कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों को हर किसान तक लेकर जाएंगे । इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रमुख सुनील वत्स,जिला सह प्रभारी राजकुमार भार्गव, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख करनराज तूर, प्रदेश उपाध्यक्ष मंदीप विर्क,जिला मीडिया प्रमुख सूर्य प्रकाश सैनी, जिला उपाध्यक्ष डिंपल सैनी,जिला सचिव मांगेराम शर्मा,थानेसर मंडल के अध्यक्ष श्री मेहर सिंह चिनार्थल मौजूद रहे।

## 'शक्ति के रूप में ईश्वर की नारी रूप की परिकल्पना सनातन हिन्दू संस्कृति की विशेषता रही है'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**भारत में शक्ति का महत्व आदिकाल से ही माना गया है। चाहे धर्म हो, अर्थ हो, काम हो और चाहे मोक्ष हो, इन चारों पुरुषार्थो की प्राप्त शक्ति के बिना संभव नहीं। शक्तिहीन पुरुष या राष्ट्र न अपनी न अपने सम्मान की रक्षा कर सकता है और न कोई उन्नति कर सकता है। कमजोरी के क्षणों में ही मनुष्य संयम खोता है, पाप करता है और असफल होकर संताप करता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने शारदीय नवरात्रि के शुभारम्भ पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के तत्वावधान में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यर्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से किया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा शक्ति के रूप में ईश्वर की नारी रूप



की परिकल्पना सनातन हिन्दू संस्कृति की विशेषता रही है। भारतीय वैदिक चिंतन के अनुसार मां आदिशक्ति के बिना समस्त देव - शक्तियां अपूर्ण हैं। शक्ति यानी भय-मुक्ति। नवरात्र में शक्ति की आराधना की जाती है।साधक प्रतिपदा से नवमी तक मां शक्ति के नौ रूपों क्रमशः शैलपुत्री , ब्रह्मचारिणी , चंद्रघंटा , कूष्मांडा , स्कंदमाता , कात्यायनी , कालरात्रि , महागौरी एवं सिद्धिदात्री की पूजा - आराधना करते हैं। भगवती के इन नौ रूपों के नौ दिनों में पूजन के कारण ही इस अवधि को नवरात्र काल कहा जाता है। प्रत्येक मानव में बहुत ही सामान्य एवं विशेष शक्तियां होती हैं - जैसे बोलने की शक्ति , देखने की शक्ति , सुनने की शक्ति , चलने की शक्ति , भोजन पचाने की शक्ति आदि।

## एशियाड खेलों में पदक विजेता अनीश और अभिषेक को सिर आंखों पर बिठाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**
एशियाई खेलों में हॉकी में स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक नैन और शूटिंग में ब्रॉन्ज पदक विजेता अनीश भानवाला का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह गोहाना के गांव कासांडा कासांडी गैलरी में आयोजित किया गया। महोत्सव के समापन समारोह में अनीश के चाचा एवं गोहाना बार एसोशिएशन के प्रधान बीयर सिंह आर्य ने भाग लिया। उनके दादा जयसिंह का साथ चल रहा था। समारोह में क्षेत्र के संकडों उभरते खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित किया गया। बाबा भले गिरी, बाबा बालक नाथ और बाबा चमन नाथ क्षेत्र के लोगों को अपने तपोबल का आशीर्वाद देने के लिए अपने साथ-साथ जाएं। अधिवक्ता वैध सिंह ने बताया कि अनीश भानवाला ने चीन में आयोजित एशियाई खेलों में ब्रॉन्ज मेडल और अभिषेक नैन ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता है।

## माता ज्वाला की अखंड ज्योत पालकी को श्रद्धालुओं के साथ जयभगवान आंतिल हुए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** माता ज्वाला जी की अखंड ज्योत पालकी में लेकर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले से रविवार को दिपालपुर गांव के श्रद्धालुओं ने अपनी पदयात्रा शुरू कर दी है। मुख्य रूप से आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल मौजूद रहे। प्रथम नवरात्र से पालकी में रखी अखंड ज्योत एक सप्ताह बाद दिपालपुर गांव स्थित माता के प्राचीन मंदिर में पहुंचेगी। माता की अखंड ज्योत गांव में पहुंचने पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन होगा। पालकी में अखंड ज्योत रवाना करते हुए माता ज्वाला जी की महिमा का गुणगान कर रहे आंतिल बाराहा खाप के प्रधान



जयभगवान आंतिल ने कहा कि माता ज्वाला की महिमा अपरम्पार है। माता के दर्शन करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती हैं। माता ज्वाला जी में श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा है, यही कारण है कि वे चौथी बार पैदल अखंड ह्ययोत लेकर आ रहे हैं। आंतिल ने कहा कि माता ज्वाला जी के दर्शन करने से मन को शांति मिलती है। इस अवसर पर दिपालपुर गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु माता ज्वाला जी की अंखड़ ह्ययोत को पालकी में रखकर रवाना हुए हैं। अखंड ज्योत ला रहे श्रद्धालुओं में दयानंद, बेगराज, विनोद, निखिल, ओमकार, कृष्ण, सोनू, मनोज, विजय, अमित कौशिक, आशु, अक्षय, जयबीर, काला, मामन, मन्नत, नवीन, दीपक, लूसो आदि शामिल हैं।

**मनोकामना**

**8 माता ज्वाला की महिमा अपरम्पार है। माता के दर्शन करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती हैं**

## शिव का धनुष तोड भगवान राम ने किया सीता संग किया विवाह



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** रावण-बाणासुर व लक्ष्मण-परशुराम की संवाद अदायगी रही आकर्षण का केन्द्र श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा द्वारा आयोजित 73वीं रामलीला मंचन के तीसरे दिन शनिवार रात्रि फुलवारी, शिव धनुष व राम विवाह की लीला का मनमोहक मंचन मंझे हुए कलाकारों द्वारा किया गया। शनिवार को रामलीला मंचन में सामाजिक प्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने बतौर मुख्यअतिथि मंच का रिबन काट रामलीला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष सिंघल नोएडा ने की, वहीं रोहताश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रघुबीर सैनी, अनिल संघी, रोटेरियन विनय मित्तल, भारत सैनी, बजरंग शास्त्री, मनीष शास्त्री, महेन्द्र नूनीवाला, विनोद सोनी, हितेन्द्र बोहरा, संजय सर्राफ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने कार्यकारिणी के साथ सभी अतिथिगणों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया। रामलीला प्रधान नरेन्द्र जैन ने बताया कि शनिवार को शुभम वर्मा ने भगवान राम, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, विकास चौहान ने सीता, मुकेश गोयल ने राजा जनक, बलवंत सैनी ने परशुराम, विशाल हरित ने रावण, तरूण सोनी ने बाणासुर, नरेश बादल ने पेटल सिंह तथा सत्यनारायण वर्मा ने विश्वामित्र के किरदार में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों की खूब वाह वाही

## नि:शुल्क नेत्र जांच कैम्प का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** गाँव दहिसरा में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले) ने नि:शुल्क नेत्र जाँच कैम्प का आयोजन किया। जिसने 368 लोगों ने जाँच करवायी। फ्री दवाई दी गई, फ्री चश्मे दिये गए और 46 की फ्री आँखें बनी जाएगी। कार्यक्रम में रितु, करतार चौहान, मास्टर सरदार सिंह, बिसेंबर ,भीम सिंह ,सतपाल ,भीरेमसिंह ,मांगे राम ,धनसिंह , धर्मबीर, हरपाल , किरपाल, भगवत,नकलसिंह , रामधन, राजे, खुसीराम, डालचंद,आकाश, रामदास, अजीत सिंह, वेद जी आदि शामिल रहे।

## फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसो. की बैठक आयोजित

### बैठक में पूरे हरियाणा से पदाधिकारी और सदस्य हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन (एफपीएसडब्लूए) की प्रदेश स्तरीय बैठक फेडरेशन के कैंट ऑफिस में हुई। इसमें निजी स्कूलों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहनता से चर्चा हुई और समस्याओं के निदान के लिए रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण



शर्मा ने बताया कि बैठक में फेडरेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों के संग प्रमुख तौर पर निजी स्कूलों की समस्याओं पर चर्चा हुई। फेडरेशन निजी स्कूलों की समस्याओं को खत्म करने के लिए संघर्षरत है। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इन प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा
- निजी स्कूलों के मान्यता को लेकर दो साल के एक्सटेंशन का मामला
- स्कूली बसों के दो साल के विस्तार
- सोसायटी पंजीकरण पर लगने वाला जुर्माना
- प्री-प्राइमरी स्कूलों की मान्यता का मुद्दा

**चर्चा**

**8 फेडरेशन के कैंट ऑफिस में हुई। इसमें निजी स्कूलों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहनता से चर्चा हुई**

## विधायक ने श्रमिक की बेटी को सरकारी कोटे से भेंट की इलेक्ट्रिक स्कूटी

**पहल**

**8 विश्वकर्मा दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रमिक भाईयों-बहनों के लिए अनेक घोषणाएं की**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, 15 अक्टूबर**
राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम पर पहुंचकर स्नातक स्तर में शिक्षा प्राप्त करने वाली श्रमिक की बेटी को सरकारी कोटे से इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट करते हुए उसे जीवन में आगे बढने के लिए शुभकामनाएं दी।



उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रमिक भाईयों-बहनों के लिए अनेक घोषणाएं की, जिनमें एक यह घोषणा श्रमिकों की बेटियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण थी कि सरकार द्वारा स्नातक स्तर में शिक्ष प्राप्त करने वाली श्रमिक की बेटी को इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विधायक बड़ौली ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आसान किश्तों पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके साथ ही हर 20 किलोमीटर पर बेटियों के पढने के लिए सरकारी कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं ताकि बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहीं दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि बेटियों को कॉलेज तक जाने के लिए अच्छी यातायात की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है ताकि हमारी बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी न आए। विधायक ने कहा कि एक बेटी दो परिवारों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान निभाती है, इसलिए हमारी बेटी का शिक्षित होना बहुत ही जरूरी है क्योंकि अगर हमारी बेटी शिक्षित होगी तो वह एक शिक्षित समाज की रचना करेगी जो हमारे देश को आगे बढने के लिए बहुत ही

## मेयर ने अशोका नर्सरी में किया पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मेयर** रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को वॉर्ड नंबर 2 की अशोका नर्सरी में पार्क के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ किया। पार्क की बाउंड्रीवाल, दो गेट, वाल ग्रिल व पार्क के अंदर ट्रैक बनाने का कार्य किया जाएगा। मेयर ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम की ओर से सभी वार्डों में जनहित में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा का अभूतपूर्व विकास हुआ है। सीएम की सोच है कि हर वर्ग खुशहाल हो। करनाल में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

## फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल) के लिए एक ऐतिहासिक जीत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
एक ऐसी महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई में जिसने म्यूजिक इंडस्टी को सदमे में डाल दिया था, कॉपीराइट हितों की रक्षा करने वाली एक लीडिंग कॉलेक्टिव आगेनाईजेशन फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल) ने चंडीगढ़ स्थित इवेंट मैनेजमेंट कंपनी रेडसन एंटरटेनर्स के खिलाफ एक अहम मामले में जीत हासिल की है, जिसका प्रतिनिधित्व स्वर्ण कुमार सिंगला कर रहे थे। यह विवाद पीपीएल के कॉपीराइट साउंड रिकॉर्डिंग के उपयोग के लिए लाइसेंस जारी करने के अधिकार पर केंद्रित था। जबकि पीपीएल साउंड रिकॉर्डिंग के व्यापक भंडार का दावा करता है, रेडसन एंटरटेनर्स जैसी कई इकाइयां कथित तौर पर उचित ऑथराइजेशन के बिना पीपीएल के कंटेंट का उपयोग कर रही हैं। इन इकाइयों ने अपने कार्यों के औचित्य के रूप में कॉपीराइट सोसायटी के रूप में पीपीएल की अनरजिस्टर्ड स्टेटस का हवाला दिया है। रेडसन एंटरटेनर्स, लोकल इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री है जिसे म्यूजिक को अपनी कॉमर्शियल एक्टिविटी के मुख्य घटक के रूप में शामिल करने के लिए जाना जाता है, जो कि अपनी शिकायतों को चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में ले गई। एक चौंकाने वाली स्वीकारोक्ति में, रेडसन एंटरटेनर्स ने अपने इवेंट्स और प्रोग्राम्स के दौरान पीपीएल की साउंड रिकॉर्डिंग का उपयोग करने की बात स्वीकार की, लेकिन पीपीएल के स्वामित्व वाली कॉपीराइट साउंड रिकॉर्डिंग के उपयोग के लिए शुल्क वसूलने से पीपीएल के खिलाफ इन्जंक्शन की मांग की, यह तर्क देते हुए कि कॉपीराइट सोसायटी के रूप में रजिस्ट्रेशन की कमी के कारण इसे लाइसेंस जारी करने से रोका जाना चाहिए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



**फास्ट न्यूज**

## राजस्थान में 51.26 करोड़ की ड्रग्स, शराब, नकदी बरामद

**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में इस सप्ताह विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने रिकॉर्ड 51.26 करोड़ रुपये से ज्यादा का ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज एवं नकदी बरामद की है। राज्य में अब तक 221.2 करोड़ रुपये की कीमत से ज्यादा के ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज व नकदी बरामद की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है। इसमें पिछले एक सप्ताह में 5 करोड़ 62 लाख रुपये कैश, ड्रग्स लगभग 22.57 करोड़ रुपये, शराब 3 करोड़ 47 लाख रुपये और सोना-चांदी 4.76 करोड़ रुपये की जब्त की गयी है, जबकि 14.84 करोड़ रुपये मूल्य की फ्रीबीज (मुफ्त में दी जाने वाली वस्तुएं) जब्त की गयी हैं। पिछले एक माह में 19 करोड़ रुपये से ज्यादा का कैश, 86.1 करोड़ की मादक सामग्री और 21.9 करोड़ रुपये की शराब, 38.9 करोड़ रुपये मूल्य के सोना-चांदी और 46.7 करोड़ रुपये से ज्यादा के फ्रीबीज बरामद किए गए हैं।

## बर्फबारी से खूबसूरत हुआ नजारा, धाम में बढ़ी ठंड

**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग**

**मौसम** का मिजाज बदलते ही केदारनाथ धाम में बारिश के बाद बर्फबारी शुरू हो गई। धाम में बर्फबारी से भले ही ठंड बढ़ गई, लेकिन यहां श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। बर्फबारी का श्रद्धालुओं ने खूब लुत्फ उठाया। प्रदेश के कुछ जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। कई जगह बूंदाबांदी हुई। शनिवार को भी केदारनाथ में दोपहर से अपराह्न बाद तक तीन घंटे तक बारिश हुई। इस दौरान ऊपरी पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी हुई, जिससे केदारपुरी में ठंड बढ़ गई है। धाम में अधिकतम तापमान 10 और न्यूनतम माइनस 3 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह से धाम में मौसम साफ था। दिन चढ़ने के साथ धूप भी तेज होती रही। दोपहर 12.30 बजे धाम में पारा 10 डिग्री दर्ज किया। लेकिन इसके बाद धाम में बादल घिरने लगे और एक बजे से यहां बारिश होने लगी, जो साढ़े चार बजे तक रही। इस दौरान दुग्ध गंगा, वासुकीताल और चोराबाड़ी ताल क्षेत्र में बर्फबारी भी हुई। जिस कारण केदारपुरी में ठंड बढ़ गई है। धाम में मौजूद श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि शाम 6 बजे तापमान 2 डिग्री और सवा सात बजे 1 डिग्री पर पहुंच गया था।

## चुनाव सुरक्षा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डॉ. नरवरिया

**श्योपुर।** विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण कार्य है। इस चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की है। इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सभी थानो की पुलिस पूरी तरह से तैयार रहे। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही और ढिलाई बर्दाश्त नहीं जाएगी। यह निर्देश पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने रविवार को पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित क्राइम मीटिंग में आए जिलेभर के थाना प्रभारियों को दिए हैं।

# यूपी में पैनिक बटन से सुरक्षित होगा बेटियों का सफर

## योगी सरकार प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को देगी पैनिक बटन की ताकत

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**सेफ सिटी** परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में योगी सरकार की ओर से महिलाओं, बेटियों और बुजुर्गों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों, ओला-ऊबर में सीसीटीवी कैमरे संग पैनिक बटन लगाए जा रहे हैं। वहीं परिवहन विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट किया जा रहा है। इससे यात्रा के दौरान कोई अनहोनी होने पर यात्री पैनिक बटन दबाकर यूपी-112 से मदद मांग सकता है। वहीं सिगनल मिलने पर यूपी-112 की टीम एक्टिव हो जाएगी और तत्काल मदद पहुंचाएगी। इतना ही नहीं सीसीटीवी के जरिये यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का सुखद अहसास होगा।

**ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए शासन को भेजा**



**बजट का प्रस्ताव:** परिवहन विभाग की ओर से सिटी बसों के सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन को लगाने के साथ यूपी-112 से इंटीग्रेट करने के लिए क्रिसिल कंपनी द्वारा टेस्टिंग का काम किया जा रहा है। जल्द ही सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट कर दिया जाएगा। वहीं परिवहन विभाग की ओर से ऊबर के साथ इंटीग्रेशन के टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है। परिवहन विभाग और ऊबर की ओर से सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगाने को लेकर एक एमओयू तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए 9.912 लाख की धनराशि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन लगाने के साथ इंटीग्रेशन की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उधर, ओला के साथ इंटीग्रेशन को लेकर एक कंपनी से दोबारा संशोधित फेसियल रिकॉग्नाइजेशन साफ्टवेयर (एफआरएस) एवं टेक्नो कामर्शियल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

## यूपी में चलाएगी 'स्वच्छ त्योहार, स्वस्थ त्योहार' अभियान

**मुहिम**

**8 त्योहारों में मंदिरों के आसपास और सड़कों की होगी बेहतर साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

प्रदेश की योगी सरकार ने त्योहारों के मद्देनजर मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया है। इसके लिए योगी सरकार 'स्वच्छ त्योहार, स्वस्थ त्योहार' अभियान चला रही है। नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निकायों में साफ सफाई के लिए "क्लीनलीनेस इस नेक्स्ट टू गॉडलीनेस" का मूल मंत्र देते हुए नवरात्र, दशहरा व दीपावली त्योहारों को "स्वच्छ त्यौहार, स्वस्थ्य त्यौहार" के रूप में मनाने का संदेश जारी किया है। विभाग की ओर से इसके लिए सभी निकाय अधिकारियों व कर्मचारियों को धार्मिक स्थलों, मठ-मंदिरों और दुर्गा पूजा पांडालों के आसपास के क्षेत्र, वहां की सड़कों-गलियों की बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं।

**पूजा स्थलों के आसपास डस्टबिन रखे जाएं, लोगों को किया जाए जागरूक:** प्रदेश सरकार में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी नगरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रविवार को वर्चुअल बैठक के जरिये अवगत करा दिया है। सभी नगर निकायों को नगर विकास विभाग की ओर से निर्देशित किया गया है कि त्योहारों में श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी न हो, इसके लिए स्ट्रीट लाइटें सही कराई जाएं। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में भी कहीं पर भी कोई बाधा न आए। श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई पूजा सामग्री और कूड़ा-कचरा का सही से निस्तारण भी कराया जाए। लोग पूजा सामग्री और कूड़ा-कचरा इधर उधर न फेंके, पूजा स्थलों के आसपास डस्टबिन रखवाया जाय।

इसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। लोगों को भी स्वच्छ और स्वस्थ्य त्यौहार मनाने के लिए जागरूक किया जाए। प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए भी लोगों से कहें तथा इसके प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी प्रयास किया जाए।

**श्रद्धालुओं का मन मैला न हो:** उन्होंने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए निकायों में साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति, कूड़े के निस्तारण आदि कार्यों को संपन्न कराने के निर्देश दिए।

## नवरात्र शुरू: घर-घर, मंदिर-मंदिर में हुई घट स्थापना



**गूंज**

**8 घर-घर, मंदिर-मंदिर सुबह से ही रामायण की चौपाइयों के साथ दुर्गा पाठों की गूंज सुनाई दी**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**शारदीय** नवरात्र रविवार से शुभारंभ हो गए हैं। अभिजीत मुहूर्त के साथ श्रेष्ठ मुहूर्त में घर-घर घट स्थापना हुई। घर-घर, मंदिर- मंदिर सुबह से ही रामायण की चौपाइयों के साथ दुर्गा पाठों की गूंज सुनाई दी। शहर के दुर्गा मंदिरों और हनुमान जी व राम मंदिरों में घट स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती और रामचरित मानस के पाठ शुरू हुए। अब पूरे नौ दिन माता की आराधना होगी। पहले दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा की जा रही है। आमेर शिला माता मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना हुई। इसके बाद मंदिर को दर्शनार्थियों के लिए खोला गया। इससे पहले सुबह से ही मंदिर में भक्तों को पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए वाहनों को सुबह से ही महल तक जाने से रोक दिया गया। मंदिर शिला माता के जयकारों के साथ जय माता दी... के जयकारों से गूंज उठा। कुछ भक्त कनक दंडवत करते हुए माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे है। मंदिर पुजारी बनवारी लाल शास्त्री ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.55 बजे घट स्थापना के साथ ही माता के दर्शन खुले। 16 से 23 अक्टूबर तक माता के दर्शन सुबह 6 से दोपहर 12.30 बजे तक खुलेंगे। वहीं शाम को 4 बजे से 6 बजे तक भक्त माता के दर्शन कर सकेंगे। दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक मंदिर के पट मंगल रहेंगे। माता के 20 अक्टूबर को छठ का मेला भरेगा। 21 अक्टूबर को सप्तमी पर रात 10 बजे निशा पूजन होगा। 22 अक्टूबर को अष्टमी पर शाम 4.30 बजे पूर्णाहुति होगी।



बिहार के कोटवा प्रखण्ड क्षेत्र के जगिरंहा पंचायत में अवस्थित माँ सोना देवी मन्दिर परिसर में अयोध्या के एक संत द्वारा अपने शरीर पर नौ कलश का स्थापना कर आस्था व दैविक कृपा के केंद्र बन गये है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में नवरात्र पूजा का आयोजन हुआ है।

## कैथल: सरपंचों ने किया सीएम के विरोध का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

कैथल में 16 अक्टूबर को सीएम मनोहर लाल के कैथल में होने वाले कार्यक्रम के विरोध में सरपंच एसोसिएशन ने जिला के सरपंचों से कार्यक्रम में शामिल न होने की अपील की है। एसोसिएशन के पदाधिकारी ने सरपंचों से कहा है कि वह मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम में शामिल न हों। कैथल सरपंच एसोसिएशन ने रविवार को ग्रेस होटल अंबाला रोड पर बैठक की और ई-टेंडरिंग, राइट टू रिकॉल जैसी मांगों को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जिला उप प्रधान गगनदीप सिंह की।

## आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कारगर साबित हो रहा है 'सी-विजिल' एप

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**विधानसभा चुनाव** में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए सी विजिल एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है। इसके माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव में यह एप खासा मददगार साबित हो रहा है। प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के महज 120 घंटे में प्रदेश भर से 3427 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से रिटर्निंग ऑफिसर्स ने 610 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। आठ शिकायतें अभी जांच लंबित हैं। सी विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा शिकायतें 467 जयपुर जिले से प्राप्त हुईं। सबसे ज्यादा कार्रवाई भी जयपुर जिले के रिटर्निंग आफिसर्स ने की। यहां 122 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जा सकता है।

## 14 को बंद होंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

शारदीय नवरात्र के पहले दिन विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि व मुहूर्त तय किया गया। गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए 14 नवंबर को अन्नकूट के पावन पर्व पर अभिजीत मुहूर्त की शुभ बेला पर 11 बजकर 45 मिनट पर बंद किए जाएंगे। उधर, यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद किए जाएंगे, जिसका समय विजयदशमी पर्व के दिन तय होगा। बता दें कि हर साल शारदीय नवरात्र के पहले दिन गंगोत्री मंदिर समिति एवं तीर्थ



पुरोहित धाम के कपाट बंद होने की तिथि व मुहूर्त निकालते हैं। पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि 14 नवंबर को कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली अपने मायके मुखीमठ मुखबा के लिए प्रस्थान करेगी। रात्रि निवास भैरोघाटी स्थित देवी मंदिर में होगा। इसके अगले दिन 15 नवंबर को भाईदूज के पर्व पर मां गंगा की उत्सव डोली अपने मायके मुखबा मुखीमठ में पहुंचेगी। जहां मां गंगा का स्वागत एक बेटी की तरह गांव के ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा।

**छह महीने यहां होगी पूजा:** बताया कि शीतकाल के छह माह तक मां गंगा की पूजा मुखबा स्थित गंगा मंदिर में होगी। पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम की कपाटबंदी का समय विजयदशमी के पर्व पर तय किया जाएगा।




**पर्यटन** अंबाला में सुभाष पार्क तैयार, शहीद स्मारक का सिविल वर्क 85 प्रतिशत पूरा : गृह मंत्री

## 'अंबाला में एयरपोर्ट बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा'

**विकास कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला में एयरपोर्ट बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अम्बाला छावनी में बेहतरीन सुभाष पार्क बनकर तैयार है जहां अन्य शहरों से लोग इसकी खूबसूरती देखने आ रहे हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहीद स्मारक भी जल्द बनेगा जिसका सिविल वर्क 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। विज देर शाम अम्बाला में एयरपोर्ट के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया



शहीद स्मारक के इंटीरियर का टेंडर भी होने जा रहा है और इसे जल्द तैयार किया जाएगा। अम्बाला में साइंस सेंटर, बैंक स्क्वेयर कम माल एवं अन्य प्रोजेक्ट्स है जिससे यहां आने वाले समय में पर्यटन बढ़ेगा।

**एयरपोर्ट बनना सारे क्षेत्र के लिए प्रगति का प्रतीक:** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि एयरपोर्ट का बनना सारे क्षेत्र के लिए प्रगति का प्रतीक रहेगा। जहां एयरपोर्ट आता है, उस क्षेत्र का रुतबा बढ़ता है। अम्बाला छावनी एक जंक्शन है जोकि चारों तरफ से जुड़ता है। यहां हिमाचल प्रदेश, पंजाब, पश्चिमी यूपी, उत्तराखंड एवं अन्य राज्यों लगते हैं। उन्होंने कहा आज उद्योगपति सस्ती जमीन चाहता है, मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम जैसे शहरों के मुकाबले यहां सस्ती जमीन है और उद्योगपति चाहते हैं कि वह सुबह आकर शाम हो वापस चले जाए। एयर

**8 एयर कनेक्टिविटी मिलने से उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा :- मंत्री अनिल विज**

कनेक्टिविटी मिलने से उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने जिन क्षेत्रों का जिक्र किया है उससे लोगों में खुशी है।

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि सिविल एन्क्लेव 16 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है और वर्क अलॉट कर दिए गए हैं। सिविल एन्क्लेव से यात्रियों को टैक्सी-वे करके अंदर ले जाया जाएगा।